


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 343

ग्वालियर, शुक्रवार 02 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## संक्षिप्त समाचार

### मलेशिया के पूर्व पीएम नजीब रजाक की बेगम भ्रष्टाचार के मामले में 10 साल के लिए जेल के अंदर

**कुआलालंपुर।** पति प्रधानमंत्री हो तो पत्नी सैया भए कोतवाल की तर्ज पर भ्रष्टाचार में संलिप्त हो जाती है ऐसा ही कछ मलेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक के कार्यकाल में उनकी पत्नी ने किया उनको रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराने के बाद गुरुवार को 10 साल की सजा सुनाई गई। नजीब को पहले ही मलेशियाई विकास बरहाद कोष (1एमडीबी) के सरकारी धन के गबन के मामले में दोषी ठहराया जा चुका है और पिछले सप्ताह उन्हें जेल भेज दिया गया था। उन्हें पांच में से भ्रष्टाचार के एक मामले में 12 साल की सजा सुनाई गई है। रोस्माह मंसूर को बोर्नियो द्वीप के स्कूलों को सौर ऊर्जा पैनल लगाने करने की परियोजना का काम एक कंपनी को दिलाने के लिए 2016 और 2017 के बीच 65 लाख रिंगिट रिश्वत (15 लाख अमेरिकी डॉलर) मांगने और उसे स्वीकार करने के तीन मामलों में दोषी ठहराया गया। अदालत ने उन्हें हर एक मामले में 10-10 साल की सजा सुनाई और उन पर 97 करोड़ रिंगिट का जुर्माना भी लगाया। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। शीर्ष अदालतों में उनकी अपील लंबित होने तक वह जमानत के लिए गुहार लगा सकती हैं।

### पूर्व पीएम इमरान की अंतरिम जमानत की अवधि 12 सितंबर तक बढ़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने रैली के दौरान पुलिस, न्यायपालिका और अन्य सरकारी संस्थानों को धमकाने के आरोप में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ दर्ज आतंकवाद के मामले में उनकी अंतरिम जमानत की अवधि 12 सितंबर तक बढ़ा दी। खबर के अनुसार न्यायाधीश राजा जवाद अब्बास हसन ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान को एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी। खान (69) के खिलाफ पिछले महीने इस्लामाबाद में एक सार्वजनिक रैली के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, निर्वाचन आयोग और राजनीतिक विरोधियों को 'धमकी' देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। खान ने शीर्ष पुलिस अधिकारियों, एक महिला मजिस्ट्रेट, पाकिस्तान निर्वाचन आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ अपने सहयोगी शाहबाज गिल के साथ किये गये व्यवहार को लेकर मामला दर्ज कराने की धमकी दी थी। गिल को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इमरान बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच इस्लामाबाद एटीसी पहुंचे और न्यायाधीश अब्बास ने अभियोजक को मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में जोड़े गए चार नए आरोपों में पीटीआई अध्यक्ष को अंतरिम जमानत देने का आदेश दिया। मामले की 12 सितंबर को होने वाली अगली सुनवाई में अंतिम दलीलें सुनी जायेंगी।

### मदरसों के सर्वे पर यूपी सरकार पर बरसे ओवैसी, कहा एक आदेश दो कोई मुसलमान नहीं रहेगा

**हैदराबाद।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार जिन मदरसों को मान्यता नहीं मिली उनको लेकर एक सर्वे कराने जा रहे है। सरकार के इस निर्णय पर विवाद भी छिड़ गया है और असदुद्दीन ओवैसी भी इसमें कूद गए हैं। योगी सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए ओवैसी ने कहा कि ऐसा ही है तो फिर आदेश जारी करना चाहिए कि अब कोई मुसलमान नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का यह फैसला मनमाना है और मुसलमानों को शक की नजर से देखने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि यह छोटा एनआरसी जैसा फैसला है। ओवैसी ने कहा कि सरकार जिन मदरसों को कोई मदद नहीं देती है, उनकी जांच कराने का हक उसके पास नहीं है। ओवैसी ने कहा, निजी मदरसों से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। उनका सर्वे आखिर सरकार क्यों करा रही है। मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त संस्थानों को ही सरकार मदद देती है और उनकी ही जांच करा सकती है।% हैदराबाद के सांसद ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 30 के तहत अल्पसंख्यकों को अपने संस्थान चलाने का हक है। उन्होंने कहा कि यह सर्वे नहीं है बल्कि छोटा एनआरसी है। वहीं इस पर विवाद छिड़ने के बाद योगी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने सरकार का मकसद बताया है कि आखिर क्यों मदरसों के सर्वे का फैसला लिया गया है। दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि हम यह सर्वे इसलिए करना चाहते हैं ताकि छात्रों की संख्या पता हो। किसी भी तरह का डेटा हमारे सामने होगा, तभी तो हम योजनाओं को आसानी से तैयार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में एसपी और बीएसपी की ओर से भ्रम फैलाया जा रहा है। गौरतलब है कि यूपी में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे करवाया जाएगा। इसके लिए शासन के उप सचिव शकील अहमद सिद्दीकी की ओर से एक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में कहा गया है कि 10 सितम्बर तक इस सर्वे के लिए टीम गठित की जाएगी, जिसमें संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शामिल होंगे। यह सर्वे 5 अक्टूबर तक पूरा होना है और सरकार के पास 25 अक्टूबर तक यह डेटा जाएगा।

## एनआईए ने डी गैंग के गुंडों को पकड़ने के लिए की इनाम की घोषणा की

### छोटा शकील और दाऊद को पकड़ने वाले पर 20 लाख का इनाम



**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कुख्यात अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम तथा उसके पंटरों को पकड़ने के लिए इनाम की घोषणा की है। एनआईए यह घोषणा की है कि दाऊद को पकड़वाने में मदद करने वाले व्यक्ति को एनआईए द्वारा 25 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। मालूम हो कि दाऊद 1993 में मुंबई में सिलसिलेवार बम धमाकों के साथ-साथ हथियारों की तस्करी, नशीली दवाओं की तस्करी, नकली मुद्रा मामले, आतंकवादी हमलों जैसे कई अपराधों में आरोपी है। दाऊद पर पाकिस्तानी एजेंसियों की मदद से आतंकी हमले करने का आरोप है. खबर के मुताबिक, एनआईए के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जांच एजेंसी ने दाऊद के भाई अनीस इब्राहिम उर्फ हाजी अनीस, दाऊद के करीबी जावेद पटेल उर्फ जावेद चिकना, शकील शेख उर्फ छोटा शकील और इब्राहिम मुश्ताक अब्दुल रजाक मेमन उर्फ टाइगर मेमन की गिरफ्तारी के लिए भी इनाम की घोषणा की है. दाऊद को पकड़ने वालों को 25 लाख रुपये, छोटा शकील को पकड़ने वालों को 20 लाख रुपये और अनीस, चिकना और मेनन को पकड़ने वालों को 15-15 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। दाऊद फिलहाल पाकिस्तान के कराची में रहता है। 1993 में सिलसिलेवार बम धमाकों के बाद दाऊद को पकड़ने के लिए 2003 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा समिति द्वारा पहले ही 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर के इनाम की घोषणा की जा चुकी है। दाऊद का नाम भारत के मोस्ट वांटेड आरोपियों की लिस्ट में है. लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हफीस सईद, जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मौलाना मसूद अजहर, हिजबुल मुजाहिदीन के संस्थापक सैयद सलाहुद्दीन और उसके करीबी अब्दुल रऊफ असगर मोस्ट वांटेड आरोपियों में शामिल हैं। एनआईए ने फरवरी में दाऊद और उसके साथियों के खिलाफ नया मामला दर्ज किया था। दरअसल यह जानकारी सामने आने के बाद मामला दर्ज किया गया है कि दाऊद की डी कंपनी ने भारत में आतंकी गतिविधियों में मदद के लिए एक विशेष बल का गठन किया था।

## भीषण बाढ़ ने पाकिस्तान की 20 लाख एकड़ में फैली फसल को किया तबाह



**इस्लामाबाद।** मूसलाधार बारिश और बाढ़ ने पाकिस्तान में कोहराम मचाया है। यहां 10 दिनों के अंदर इतनी भारी बारिश हुई है कि इसने 30 सालों का रिकॉर्ड तोड़ डाला है। बारिश के कारण पाकिस्तान का एक तिहाई हिस्सा डूब गया है। अब तक 1100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और लगभग 10 लाख से ज्यादा लोग बेघर हो गए है। बाढ़ से आई इस तबाही से अब तक 7 लाख से ज्यादा पशु मारे गए हैं और 3 हजार किलोमीटर की सड़कें पानी से बह गई है जिसके कारण लोगों तक राहस सामाग्री पहुंचने में काफी दिक्कते आ रही है। जानकारी के लिए बता दें कि बाढ़ का असर सबसे ज्यादा पाकिस्तान के सिंध, बलूचिस्तान, खैबर-पख्तूनख्वा और पंजाब राज्य में देखने को मिला है। यहां लगभग 20 लाख एकड़ में फैली फसल बर्बाद हो गई है। बाढ़ के कारण पाकिस्तान सरकार ने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया गया है। पाकिस्तान में बाढ़ के आने का कारण यहां का जलवायु परिवर्तन है। दुनियाभर में बढ़ते तापमान को लेकर यूएन की रिपोर्ट में बताया गया है कि पृथ्वी के तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। तापमान बढ़ने और समुद्र के पास होने से गर्म हवाएं हिमालय से टकराती है, जिसके कारण भारत और पाकिस्तान में सबसे ज्यादा बारिश होती है। पाकिस्तान में इस बार 385 मिमी बारिश हुई है और विशेषज्ञों के मुताबिक यहां बारिश सितंबर तक होने की संभावना है।

### कई सामाजिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के तौर पर मनाएगी बीजेपी



**नई दिल्ली।** बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के तौर पर मनाने की योजना तैयार की है। इसके तहत पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तौर पर मनाया जाएगा। इसमें जिला स्तर पर पीएम नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व को लेकर प्रदर्शनी लगेगी। इसके साथ ही मोदी 20 सपने हुए साकार पुस्तक के प्रचार प्रसार को लेकर भी पार्टी रणनीति बना रही है। इसके अलावा रक्तदान शिविर और निशुल्क जांच शिविर का आयोजन होगा। इस आयोजन के दौरान कृत्रिम अंग और उपकरणों का वितरण भी होगा।

बीजेपी ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर देश को टीबी मुक्त करने के लिए 1 साल का कार्यक्रम चलाने की योजना बनाई है। इसके तहत देशवासियों से एक टीबी मरीज को गोद लेकर उसकी एक साल तक देखभाल करने का आह्वान किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत कोविड-19 टीकाकरण को लेकर बूस्टर डोज का प्रचार प्रसार भी होगा। बीजेपी ने पौधरोपण के लिए विशेष तौर पर पीपल को बड़े पैमाने पर लगाने की योजना बनाई है। इसके साथ ही जल स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नमो ऐप' पर फोटो शेयर करने के भी पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं। नडडा ने पीएम मोदी के जन्मदिवस पर मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़े के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे इस कार्यक्रम के तहत 'विविधता में एकता' और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' से जुड़े कार्यक्रम को प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही जेपी नड्डा ने 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर विशेष आयोजन करने का ऐलान किया है। इस आयोजन में दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व पर चर्चा के साथ साथ उनसे जुड़े कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### परंपरागत परिधान धोती-कुर्ता पहन पीयूष गोयल के घर पहुंचे -पीएम मोदी, उतारी श्री गणेश की आरती



**नई दिल्ली।** विघ्नहर्ता भगवान की पूजा-अर्चना का पर्व गणेश चतुर्थी देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के घर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान गणेश का आशीर्वाद मांगा और आरती भी की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नारंगी रंग के कुर्ते और सफेद धोती में दिखे। साथ ही उनके कंधों पर चमकीले नारंगी रंग का %अंगवस्त्रम% भी था। आरती से पहले उन्होंने पीयूष गोयल के घर पर इकट्ठे हुए लोगों का अभिवादन भी किया और उन्होंने शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और व्यवसायी सुनील भारती मित्तल भी वहां पूजा में शामिल हुए। गणेश पूजा की तस्वीरें साझा करते हुए पीएम मोदी ने कहा, गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर अपने सहयोगी पीयूष गोयल जी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुआ। भगवान श्री गणेश की कृपा हम पर सदैव बनी रहे। इससे पहले दिन में पीएम मोदी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोगों को बधाई दी।

### सिक्किम में बारिश से मची तबाही, कई जगहों पर भूस्खलन के कारण कई राजमार्ग अवरुद्ध



**गंगटोक।** सिक्किम में बारिश ने इन दिनों आफत मचा रखी है। भारी बारिश से कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है। इस कारण कई राजमार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। अधिकारियों ने इसकी जानकारी देकर लोगों से फिलहाल यात्रा नहीं करने का आग्रह किया है। पूर्वी सिक्किम में सिंगतम और रंगपो के बीच 20 मील क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भूस्खलन ने राष्ट्रीय राजमार्ग-20 को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे गंगटोक से क्षेत्र का संपर्क टूट गया है। इस सप्ताह यह दूसरी बार है, जब सिक्किम की राजधानी को पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी से जोड़ने वाला मुख्य राजमार्ग 20 मील क्षेत्र में उसी स्थान पर भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया। भूस्खलन के दोनों ओर वाहन फंस गए हैं और पकयोंग और पंडम का वैकल्पिक मार्ग भी कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण खराब हुआ है। पूर्वी सिक्किम जिले के अधिकारियों ने कहा कि 20 मील में फैले भूस्खलन को साफ करने में कुछ समय लग सकता है।



## 200-400 रुपए के बीच में मिलेगी देश की पहली स्वदेशी सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन

**नई दिल्ली।** सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जल्द ही देश को पहली स्वदेशी वैक्सीन मिलेगी। क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन (क्यूएचपीवी) को आने वाले कुछ ही महीनों में लांच किया जाएगा। खास बात ये है कि ये वैक्सीन आम लोग 200-400 रुपए के बीच में खरीद सकते हैं। ये वैक्सीन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बनाई है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह गुरुवार को क्यूएचपीवी वैक्सीन के साइंटिफिक कंप्लीशन के कार्यक्रम में शामिल हुए। साइंटिफिक कंप्लीशन का अर्थ होता है कि वैक्सीन से संबंधित रिसर्च और डेवलपमेंट का काम पूरा हो गया है। अब अगले चरण में इस जनता के लिए उपलब्ध कराने पर काम होगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र ने कहा कि कोरोना को देखकर वैक्सीन के विकास के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इस मौके पर सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर का टीका सस्ता होगा और यह 200-400 रुपये की रेंज में लोगों को उपलब्ध होगा। हालांकि अभी अंतिम कीमत तय नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि वैक्सीन इस साल के अंत तक लांच होगी। उन्होंने बताया कि शुरुआत में वैक्सीन को सरकारी माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। बाद में इस कुछ प्राइवेट पार्टनर्स को भी दी जाएगी। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने पिछले दिनों सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ वैक्सीन बनाने की इजाजत दी थी। वैक्सीन का नाम सेरावेवेक रखा गया है। वैक्सीन के फेज 2 और 3 के ट्रायल हो चुके हैं। दावा है कि ट्रायल में ये वैक्सीन सभी आयु वर्ग की महिलाओं पर असरदार साबित हुई है।

### भारत चिंतित

## अमेरिकी सेना ने 400 चिनूक हेलीकॉप्टर को क्यों ग्राउंड किया



**नई दिल्ली।** अमेरिकी सेना के एक फैसले ने भारत में चिंता बढ़ा दी है। चिंता चिनूक को लेकर है। दरअसल, अमेरिकी सेना ने 400 चिनूक हेलीकॉप्टर को ग्राउंड कर दिया है। चिनूक हेलीकॉप्टर में सामने आ रही तकनीकी गड़बड़ी की वजह से ये फैसला लिया गया है। चिनूक के इंजन में आग लगने तक की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जिसके बाद ये फैसला लिया गया है। अब भारतीय वायुसेना ने भी अमेरिका से इसकी डिटेल्स मांगी है। भारत भी इन्हीं चिनूक हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कर रहा है। अमेरिका में बना सबसे ताकतवर और सबसे घातक चिनूक हेलीकॉप्टर, जिसे दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला सैन्य हेलीकॉप्टर माना जाता है। अमेरिका के वियतनाम युद्ध से लेकर अफगानिस्तान, पश्चिम एशिया की जंग में अपना लोहा मनवा चुका है। लेकिन अमेरिकी सेना को अचानक इस मल्टी मिशन हेलीकॉप्टर को जमीन पर उतारना पड़ा है। अमेरिकी सेना ने चिनूक हेलीकॉप्टर की पूरी फ्लीट हटा ली है। अमेरिका ने अपने सभी करीब 400 चिनूक हेलीकप्टरों को उड़ान भरने से रोक दिया है। चिनूक के इंजन में आग लगने की घटनाओं के बाद ये फैसला लिया गया है। अमेरिकी सेना की मैटेरियल कमांड ने चिनूक को हटाने का फैसला किया है। जिसके बाद अमेरिकी सेना की जान कहे जाने वाले सीएच 47 चिनूक हेलीकॉप्टर फिलहाल उड़ान नहीं भर सकेंगे। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के चिनूक हेलीकॉप्टर हमेशा की तरह काम कर रहे हैं। इससे पहले अमेरिकी सेना ने ईंधन के रिसाव के कारण इंजन में मामूली आग लगने पर हेलीकॉप्टरों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। घटनाक्रम से परिचित लोगों ने कहा कि अमेरिकी सेना द्वारा चिनूक सीएच -47 हेलीकॉप्टरों के इस्तेमाल पर रोक लगाए जाने की जानकारी मिलने के बाद आईएएफ मुख्यालय ने 'बोइंग इंडिया' को एक पत्र भेजा है। बताया जा रहा है 'बोइंग इंडिया' ने भारतीय वायुसेना को सूचित किया है कि वायुसेना द्वारा संचालित किए जा रहे चिनूक सीएच-47एफ (आई) हेलीकॉप्टर अमेरिकी सेना के बेड़े में आई समस्या से बिल्कुल भी प्रभावित नहीं हुए हैं। वायुसेना फिलहाल 15 चिनूक हेलीकॉप्टरों का संचालन कर रही है।

### ऑटोपायलट में दिक्कत, दिल्ली से नासिक जा रही स्पाइसजेट फ्लाइट बीच रास्ते से लौटी

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की हवाई सेवा स्पाइसजेट की एक फ्लाइट दिल्ली से उड़ान भरकर महाराष्ट्र के नासिक जा रही थी, लेकिन कुछ गड़बड़ के चलते यह फ्लाइट बीच रास्ते से ही वापस लौट आई। डीजीसीए के अधिकारी ने बताया कि ऑटोपायलट में दिक्कत के चलते ऐसा हुआ है, हालांकि फ्लाइट ने दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग की। अधिकारी ने बताया कि स्पाइसजेट बी737 एयरक्राफ्ट वीटी-एसएलपी, दिल्ली से नासिक (फ्लाइट एसजी-8363) गुरुवार को ऑटोपायलट स्नैग की वजह से बीच रास्ते से ही वापस लौटी है। इसने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। गिरते रुपये और ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच आर्थिक संकट से जूझ रही यह एयरक्राफ्ट कंपनी पिछले कुछ समय से कई अन्य इसी तरह की घटनाओं में शामिल रही है।

### पिता पर लगा अपनी 6 वर्षीय बच्ची को माचिस की तीली से दागने का आरोप, पिता फरार

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा में पिता पर 6 वर्षीय बच्ची को माचिस की तीली से दागने का आरोप लगा है। एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-20 में इस बाबत प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-21 में रहने वाले राजेश रांगरा ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उनके पड़ोस में गणेश नाम का व्यक्ति कर्मचारी आवास मे रहता है, जिसकी पत्नी उनके घर के पास एक घर में काम करने आती थी। शिकायत के मुताबिक, गणेश और उसकी पत्नी के बीच विवाद हो गया और वह अपनी एक बेटी को लेकर चली गई जबकि एक बेटा और बेटी गणेश के पास रहे। ने बताया कि 31 जुलाई को गणेश की 6 वर्षीय बेटी रांगरा के घर आई तथा उसने पिता गणेश द्वारा उसे माचिस की तीली से दागने के बारे में बताया।

# जीते तो राज्य संघों को बनाएंगे आर्थिक रूप से बेहतर : भूटिया

**कोलकाता ।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने कहा है कि अगर वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष पद का चुनाव जीतते हैं तो सबसे पहले राज्य संघों को आर्थिक रूप से बेहतर बनाएंगे। भूटिया के अनुसार उनका लक्ष्य शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के साथ ही कोच भी तैयार करना रहेगा। दो सितंबर को होने वाले एआईएफएफ अध्यक्ष के लिए भूटिया और पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे के बीच मुकाबला है। पूर्व कप्तान ने यहां ईस्ट बंगाल के दौरे पर कहा, 'बंगाल सहित हर राज्य संघ को विभिन्न स्तरों पर अपनी लीग आयोजित करने के लिए पैसे की आवश्यकता है। अभी एआईएफएफ को एफएसडीएल से 50 करोड़ रुपये मिलते हैं। केंद्र सरकार से 30 से 40 करोड़ रुपये मिलते हैं। हमें राज्य संघों को जमीनी स्तर पर फुटबॉल टूर्नामेंट और लीग का आयोजन करने के लिए आर्थिक सहायता देनी होगी।' भूटिया के



अनुसार उन्होंने इसके लिए बजट भी तैयार कर रखा है। पास पहले से ही बजट तैयार है।

भूटिया ने कहा, 'अभी आधे राज्य संघों के पास अपनी लीग तक नहीं है , ऐसे में किस प्रकार से खिलाड़ी तैयार किये जाएंगे। साथ ही कहा कि यदि आप स्तरीय खिलाड़ी तैयार नहीं करते हैं तो आप विश्व कप में खेलने का सपना कैसे देखेंगे? इसलिए मेरी मुख्य प्राथमिकता सभी राज्यों की आर्थिक सहायता प्रदान करना है। वहीं बहुत सारे राज्य संघ परेशानी में हैं। आप केवल आदेश नहीं दे सकते, आपको उनकी सहायता करनी होगी। इस कोष के माध्यम से यह महत्वपूर्ण है कि आप कोच तैयार करें।' भूटिया ने कहा कि वह कोलकाता के बिग थ्री मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग में नई जान डालने के लिए एक 'प्रणाली' लाना चाहते हैं, जो अब अपनी पेशेवर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निवेशकों पर बहुत अधिक निर्भर हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### पांड्या ने आईसीसी रैंकिंग में लंबी छलांग लगायी

**दुबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में लंबी छलांग लगायी है। पांड्या पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में शानदार प्रदर्शन के बल पर आठ पायदान ऊपर आये हैं। पाक के खिलाफ अपनी पारी के बाद वह शीर्ष पांच खिलाड़ियों में आ गए हैं। आईसीसी ऑलराउंडरों की रैंकिंग में अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी शीर्ष पर हैं जबकि दूसरे स्थान पर बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और तीसरे स्थान पर इंग्लैंड के मोइन अली हैं। ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल चौथे स्थान पर हैं। वहीं भारत के पांड्या पांचवें स्थान पर आ गये हैं। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को भी तेज गेंदबाजी रैंकिंग में आठवां स्थान मिला है। भूवी ने पाक के खिलाफ 26 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

### उप राष्ट्रपति से मिली भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम

**नई दिल्ली ।** बहरीन में हुए एशियाई वॉलीबॉल अंडर-20 चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने आज यहां उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति ने टीम को बधाई देने के साथ ही भविष्य के टूर्नामेंटों के लिए भी अपनी ओर से शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय टीम ने इस चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में थाईलैंड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था हालांकि उसे यहां ईरान के हाथों 1-3 (12-25, 19-25, 25-22, 15-25) से हार का सामना करना पड़ा। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने इस मुलाकात की तस्वीरें और बातचीत का एक वीडियो भी जारी किया है।

### मुक्केबाज निकहत नये अंदाज में नजर आयीं

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण विजेता महिला मुक्केबाज निकहत जरीन अब एक नये अंदाज में नजर आयीं हैं। निकहत ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें साझा की हैं। इनमें वह बेहतर खूबसूरत नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को देखकर कोई अंदाजा नहीं लगा सकता है कि यह कोई मुक्केबाज है। निकहत इन स्टायलिश तस्वीरों में किसी अभिनेत्री या मॉडल की तरह नजर आ रही हैं। वह जल्द ही कमेडी टीवी शो द कपिल शर्मा शो में भी दिखेंगी। कपिल शर्मा ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर निकहत के साथ एक तस्वीर साझा की है। निकहत ने राष्ट्रमण्डल से पहले विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था। तेलंगाना की निकहत ने साल 2011 में एआईबीए जूनियर चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था। इस महिला मुक्केबाज को शुरुआती प्रशिक्षण पिता जमील अहमद ने दिया था। इसके बाद कोच आईवी राव के मार्गदर्शन में वह निरंतर आगे बढ़ती रही हैं।

### विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए 20 पहलवानों के नाम की घोषणा हुई

**सोनीपत ।** 10 सितंबर से सर्बिया में होने वाली विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए 20 पहलवानों का चयन किया गया है। इनमें 10 पहलवान ग्रीको रोमन वर्ग के जबकि 10 फ्री स्टाइल वर्ग से लिए गये हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र (साई) सोनीपत में ट्रायल के आधार पर ही इन पहलवानों का चयन हुआ है। इस दौरान सोनीपत के पंकज ने पहलवान राहुल अवारे को हराकर प्रवेश हासिल किया। ट्रायल के दौरान भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी उपस्थित थे।

# जडेजा , सूर्यकुमार ओर विराट ने बनाये रिकार्ड



**दुबई ।** भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने यहां एशिया कप क्रिकेट में हांगकांग के खिलाफ हुए मैच में अहम रिकार्ड अपने नाम किये हैं। जडेजा ने हांगकांग के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में केवल 15 रन देकर एक विकेट लिया। इसी के साथ ही वह एशिया कप में भारत की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकार्ड इरफान पठान के नाम था।

एशिया कप में अब तक केवल 2 भारतीय गेंदबाजों ने ही 20 से अधिक विकेट लिए हैं। जडेजा ने अब तक 20 मुकाबले खेलकर 27 की औसत से 23 विकेट लिए। इसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 29 रन देकर 4 विकेट लेना रहा है। वहीं पठान ने 12 मैच में 22 विकेट लिए है। इसमें उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन 32 रन देकर 4 विकेट रहा है। वहीं आर अश्विन 18 विकेट लेकर तीसरे नंबर पर हैं।

वहीं बल्लेबाजी की बात करें तो सूर्यकुमार यादव ने हांगकांग के खिलाफ 20वें ओवर में 4 छक्के लगाकर 26 रन बनाये हैं। इस प्रकार सूर्यकुमार टी20 में 20वें ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकार्ड रोहित के नाम था। रोहित ने साल 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 20वें ओवर में 19 रन बनाये थे। वहीं दीपक चाहर ने भी साल 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 रन बनाए थे।

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने मैच में नाबाद 59 रन बनाए। इस प्रकार वह भी एशिया कप में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनके 2 मैच में 94 रन हो गए हैं जबकि सूर्यकुमार 86 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं।



लंदन में जर्मनी के खिलाफ महिला यूरो कप फुटबॉल में जीत के बाद उत्साहित इंग्लैंड की लेह विलियमसन और मिली ब्राइट ट्रॉफी उठाये हुए।

# एशिया कप : भारत ने हांगकांग को हराकर सुपर-4 में प्रवेश किया

**दुबई ।** भारतीय टीम ने एशिया कप क्रिकेट के ग्रुप ए में अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। भारतीय टीम ने दूसरे मैच में हांगकांग को 40 रनों से हराकर ग्रुप एक से सुपर-4 में जगह बनायी है। वहीं दूसरी ओर ग्रुप बी से अफगानिस्तान से सुपर-4 में जगह बनायी है। अब यहां भारतीय टीम का मुकाबला एक बार फिर पाकिस्तान से हो सकता है। भारत ने हांगकांग के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में दो विकेट पर 192 रन बनाये। भारतीय टीम की ओर से सूर्यकुमार यादव ने 26 गेंद में 68 रन बनाये जबकि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने नाबाद 59 रनों की पारी खेलकर लय में आने के संकेत दिये हैं। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए हांगकांग की टीम पांच विकेट पर 152 रन ही बना पायी। भारतीय टीम की जीत में विराट और सूर्यकुमार की साझेदारी अहम रही। विराट ने लंबे समय बाद इस मैच में अर्धशतक लगाकर अपने फार्म में आने के संकेत दिये हैं। इस मैच में सूर्यकुमार की बल्लेबाजी सबके आकर्षण का केन्द्र रही।

सूर्यकुमार ने अपनी पारी के दौरान चार छक्के लगाकर केवल 22 गेंद में ही अर्धशतक पूरा कर दिया। वहीं लोकेश राहुल ने 36 में 39 रनों की धीमी पारी खेली। कप्तान रोहित शर्मा 21 रन बनाकर आउट हुए। रोहित ने इस मैच में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने कुल 3,500 रन पूरे किये। इसके साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के रुप में अपने 12,000 रन भी पूरे किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हांगकांग की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी। उपकप्तान किंचित शाह के 30 रनों और बाबर हयात के 41 रन की पारी को छोड़ दें तो अन्य बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों को सामना नहीं कर पाये। टीम के कप्तान निजाकत खान 10 जबकि सलामी बल्लेबाज यासिम मुर्तजा 09 रनों पर ही आउट हो गये।

## पीसीबी को जूनियर लीग के लिए नहीं मिला खरीददार

**कराची ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के जूनियर लीग शुरु करने के प्रयासों को करारा झटका लगा है। पीसीबी की इस जूनियर लीग के लिए कोई भी खरीददार सामने नहीं आया है। इस जूनियर लीग में छह टीमें भाग लेंगी। पीसीबी के अनुसार खरीददार नहीं मिलने के बाद भी यह लीग अपने तय समय पर शुरु होगी। साथ ही कहा कि इस लीग का प्रबंधन पीसीबी करेगा। बोर्ड ने यह भी कहा कि इस लीग के मार्गदर्शक (मेंटर) पूर्व कप्तान जावेद जावेद मियांदाद को बनाया गया है। इसके अलावा मेंटर के तौर पर वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज विवियन रिचर्ड्स के अलावा इमरान ताहिर, डेरेन सैमी, कॉलिन मुनरो, शाहिद अफरीदी और शोएब मलिक को भी रखा गया है। बोर्ड ने इससे पहले सभी छह जूनियर टीमों के लिए बोली लगाने की घोषणा की थी पर कोई भी खरीददार इन टीमों को खरीदने के लिए सामने नहीं आया। इसपर पीसीबी ने कहा कि जूनियर स्तर पर पहली बार लीग हो रही है। इसी कारण प्रायोजक सामने नहीं आये हैं। उनके मन में आशंकाएं होंगी पर जैसे ही समय बीतेगा इस लीग को भी प्रयोजक मिलने लगेंगे।

## व्यापार न्यूज

### रुपया डॉलर के मुकाबले 14 पैसे टूटकर 79.66 पर

**मुंबई ।** विदेशों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के चलते अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 14 पैसे टूटकर 79.66 रुपए पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 79.55 पर खुला। बाद में और गिरावट दर्ज करते हुए 79.66 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 14 पैसे की कमजोरी को दर्शाता है। पिछले कारोबारी सत्र में मंगलवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 39 पैसे के उछाल के साथ 79.52 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.28 प्रतिशत बढ़कर 109 पर आ गया।

### एशियाई बाजारों में गिरावट

**मुंबई ।** एशिया के ज्यादातर शेयर बाजार गुरुवार सुबह नुकसान पर खुले और लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर 0.26 फीसदी की गिरावट दिख रही है, जबकि जापान का निक्केई 1.63 फीसदी के नुकसान पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा हांगकांग में 1.29 फीसदी और ताइवान में 1.74 फीसदी की बड़ी गिरावट दिख रही है। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी भी 1.53 फीसदी के नुकसान पर कारोबार कर रहा और चीन के शंघाई कंपोजिट पर 0.18 फीसदी की गिरावट दिख रही है। भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों का भरोसा पिछले महीने काफी बढ़ा है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पिछले कारोबारी सत्र में 4,165.86 करोड़ रुपए लगाए जिससे बाजार को जबरदस्त उछाल मिला। हालांकि इसी दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों भारतीय बाजार से शेयर बेचकर 656.72 करोड़ रुपए निकाल लिए।

### स्पाइसजेट के दो और विमानों का पंजीकरण रद्द

**नई दिल्ली ।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने स्पाइसजेट के दो और बोइंग-737 विमानों का पंजीकरण रद्द कर दिया। इसके साथ ही अगस्त में किफायती सेवाएं देने वाली एयरलाइन के छह बोइंग-737 विमानों का पंजीकरण रद्द कर दिया गया है। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अपरिवर्तनीय विपंजीकरण और निर्यात अनुरोध प्राधिकरण (आईडीईआरए) के तहत बोइंग 737-800 विमान वीटी-एसपीयू और बोइंग 737-900ईआर विमान वीटी-एसजीक्यू का पंजीकरण रद्द किया गया है।

## शेयर बाजारों की गिरावट के साथ शुरुआत

# सेंसेक्स 898.00 अंक टूटा, निफ्टी 17,485.55 पर

**मुंबई ।** वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोरी और रिलायंस इंडस्ट्रीज, सूचना प्रौद्योगिकी तथा बैंकों के शेयरों में गिरावट के चलते बुधवार को शुरुआती कारोबार के दौरान भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट के साथ शुरुआत हुई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 898.61 अंक गिरकर 58,638.46 पर आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 273.75 अंक गिरकर 17,485.55 पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान इंफोसिस, टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज तथा आईसीआईसीआई बैंक गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में तेजी रही। अन्य एशियाई बाजारों में सियोल, तोक्यो और हांगकांग भी नुकसान में कारोबार कर रहे थे




जबकि शंघाई मध्य सत्र के सौदों में तेजी में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। पिछले कारोबारी सत्र में, मंगलवार को तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,564.45 अंक की लंबी छलांग के साथ 59,537.07 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 446.40 अंक चढ़कर 17,759.30 अंक पर बंद हुआ। आज के कारोबार को अगर सेक्टरवार देखें तो सभी सेक्टर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। हालांकि, सबसे ज्यादा गिरावट निफ्टी आईटी और निफ्टी बैंक के सेक्टर में दिख रही है। ये दोनों ही सेक्टर 1 फीसदी से ज्यादा गिरावट पर गिरावट कारोबार कर रहे हैं। आज सिर्फ निफ्टी रियल्टी के स्टॉक्स में ही तेजी का माहौल है। अशोक लीलैंड के शेयरों ने 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर छू लिया है। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,165.86 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

# अप्रैल-जून तिमाही में बेरोजगारी दर घटकर 7.6 प्रतिशत पर: सर्वेक्षण

**नई दिल्ली ।** शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए बेरोजगारी दर अप्रैल-जून, 2022 के दौरान सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत से घटकर 7.6 प्रतिशत रह गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने यह जानकारी दी। बेरोजगारी दर को श्रमबल के बीच बेरोजगार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। देश में अप्रैल-जून, 2021 में कोविड-19 महामारी से संबंधित प्रतिबंधों के कारण बेरोजगारी दर अधिक थी।



इस तरह बेरोजगारी दर में गिरावट को रेखांकित करने वाले 15वें आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण पर आधारित नवीनतम आंकड़े इस बात की ओर इशारा करते हैं कि महामारी की छाया से निकलकर अर्थव्यवस्था अब सुधार की ओर बढ़ रही है। आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के मुताबिक शहरी क्षेत्रों में जनवरी-मार्च, 2022 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर 8.2 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण में पाया गया कि शहरी क्षेत्रों में महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक आयु की) में बेरोजगारी दर अप्रैल-जून, 2022 में घटकर 9.5 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 14.3 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा जनवरी-मार्च, 2022 में 10.1 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में पुरुषों में बेरोजगारी दर एक साल पहले के 12.2 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-जून, 2022 में घटकर 7.1 प्रतिशत रह गई। यह आंकड़ा जनवरी-मार्च, 2022 में 7.7 प्रतिशत था।

# अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में गिरावट रही

**मुंबई ।** अमेरिका में फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरें बढ़ाए जाने का संकेत दिए जाने के बाद से बाजार में बिकवाली दिख रही है। निवेशकों को साथ में मंदी का खतरा भी दिख रहा है, जिससे वे बाजार में पैसे लगाने से कतराने लगे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में भी अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल नेस्डेक पर 0.56 फीसदी की गिरावट दिखी थी। अमेरिका की तर्ज पर यूरोपीय शेयर बाजार भी पिछले सत्र में धराशायी हो गए और यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी के स्टॉक एक्सचेंज पर 0.97 फीसदी की बड़ी गिरावट दिखी थी। वहीं फ्रांस का शेयर बाजार 1.37 फीसदी नुकसान के साथ बंद हुआ था, जबकि लंदन स्टॉक एक्सचेंज को भी पिछले कारोबारी सत्र में 1.05 फीसदी का नुकसान झेलना पड़ा था।

# मारुति सुजुकी ने हरियाणा में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की नींव रखी

**नई दिल्ली ।** मारुति सुजुकी ने हरियाणा में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की नींव रखी। गुजरात में कंपनी ने बैटरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की भी शुरुआत की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। कंपनी ने इस प्लांट में 20,000 करोड़ का निवेश किया है। वहीं गुजरात के बैटरी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में कंपनी ने 10,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है।जापानी ऑटो प्रमुख ने एक नई रिसर्च एंड डिवेलपमेंट फसिलिटी की भी घोषणा की। सुजुकी आर एंड डी सेंटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड लोकल और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए नई तकनीकों को विकसित करने में मदद करेगा। मारुति सुजुकी संयंत्र के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मैं सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन, खास तौर पर ओसामु सुजुकी और टी सुजुकी को शुभकामनाएं देता हूं। एक सफल मारुति सुजुकी गठबंधन भारत-जापान के मजबूत संबंधों का प्रतीक है।'मारुति सुजुकी भारत में बजट कारें बनाने के लिए जानी जाती है। अब भारतीय ग्राहकों को मारुति की इलेक्ट्रिक कार का इंतजार है।




एक रिपोर्ट के मुताबिक अब कंपनी ने घोषणा की है कि कंपनी साल 2025 में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार लॉन्च कर सकती है। माना जा रहा है कि यह कार भी मारुति की पेट्रोल कारों की तरह सस्ती हो सकती है। आमतौर पर इलेक्ट्रिक कारें ज्यादा इनपुट कॉस्ट के चलते महंगी होती है। इधर टाटा ने शुरुआत में ही इलेक्ट्रिक एसयूवी लॉन्च कर भारतीय ईवी बाजार पर बढ़िया पकड़ बना ली है। मारुति के पास उनके प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में अभी कोई भी इलेक्ट्रिक कार नहीं है।

## टोयोटा इनोवा क्रिस्टा के डीजल वेरिएंट की बुकिंग बंद

**नई दिल्ली ।** टोयोटा इनोवा क्रिस्टा के डीजल वेरिएंट की बुकिंग फिलहाल बंद कर दी है। भारतीय बाजार में इस वेरियंट की मार्केट में तगड़ी डिमांड है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) डीलरशिप ने वर्तमान में बुकिंग बंद कर दी है। कंपनी ने कहा कि ज्यादा मांग के चलते डीजल वेरिएंट का वेटिंग पीरियड बढ़ता जा रहा है। भारत में ग्राहकों की लगातार बदलती




जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इनोवा में पिछले कुछ वर्षों में कई बदलाव देखने को मिले हैं। दूसरी जनरेशन की इनोवा क्रिस्टा अपने सेगमेंट की लीडर है और ग्राहकों का दिल जीतना जारी रखा है। इस कार के लिए इंडिया मे बहुत बड़ा कस्टमर बेस है।आलम यह है कि ज्यादा डिमांड के चलते इनोवा क्रिस्टा के डीजल मॉडल के लिए वेटिंग पीरियड काफी बढ़ गया है और कंपनी को बुकिंग बंद करनी पड़ी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बीते जुलाई महीने में 19,693 गाड़ियों के साथ एक महीने में अपनी अब तक की सबसे तगड़ी सेल दर्ज की थी। जुलाई 2021 में बेची गई 13,105 यूनिट्स के मुकाबले कंपनी की बिक्री 50 प्रतिशत अधिक रही थी।कंपनी ने कहा कि हम उन ग्राहकों को इस गाड़ी की डिलिवरी देने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्होंने पहले ही हमारे डीलरों के साथ बुकिंग कर ली है। वहीं इनोवा क्रिस्टा के पेट्रोल मॉडल के लिए कंपनी अभी भी ऑर्डर ले रही है।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर 100 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली ।** सरकारी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कटौती की है। इंडियन ऑयल ने 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 100 रुपए तक की कटौती की है। घटी हुई कीमत गुरुवार से लागू हो गई है। इस कटौती के बाद दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 1976.50 रुपए की जगह 1885 रुपए में मिलेगा। कोलकाता में अब यह 2095.50 रुपए की जगह 1995.50 रुपए में मिलेगा। मुंबई में इसकी कीमत 1844 रुपए और चेन्नई में 2045 रुपए रह गई है। दिल्ली में यह 91.50 रुपए, कोलकाता में 100 रुपए, मुंबई में 92.50 रुपए और चेन्नई में 96 रुपए सस्ता हो गया है। हालांकि रसोई गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। लगातार चौथे महीने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में कटौती की गई है। एक जून को इसमें 135 रुपए की कमी की गई थी जबकि एक जुलाई को यह 198 रुपए सस्ता हुआ था। एक अगस्त को इसकी कीमत में 36 रुपए की कटौती की गई थी।

# अनुष्का शेट्टी ने दिया जिंदगी को खुशी से जीने का मंत्र



अनुष्का शेट्टी इन दिनों कू ऐप पर लगातार एक्टिव हैं. वो रोजाना कुछ न कुछ पोस्ट डालकर अपने फैंस को संदेश देती रहती हैं. लोगों को एक दूसरे से कनेक्ट करने की जरूरत के बारे में बता रही हैं ताकि लोगों को ऐसा फील न हो कि वो जिंदगी में अकेले हैं. लोगों से दिल की बातें न करने की वजह से कई बार देखा गया है कि लोग आत्महत्या जैसे बड़े कदम उठा लेते हैं.

अनुष्का वे अपने पोस्ट में उन्होंने खुलकर कनेक्ट करने और आपस में बातें करने की जरूरत पर जोर दिया है. लोगों को मोटिवेट किया है दुनिया में अच्छाई भी है वो हमेशा उस पर ध्यान दिया करें. कैसा भी बुरा वक्त रहा हो लेकिन आपको हमेशा नई शुरूआत के बारे में सोचना चाहिए. बातें करें, हंसें और पूरी तरह खुश रहकर जिंदगी जिएं.

साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. उन्होंने अपने लाजवाब अभिनय और गजब की अदाओं से लोगों के दिलों पर राज किया है. अनुष्का ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है जिसके दम पर वो इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक बन गई हैं.

अनुष्का को भारत में सबसे ज्यादा फेम मिला एस एस राजामौली और प्रभास की फिल्म 'बाहुबली' से. फिल्म में एक्ट्रेस ने 'देवसेना' का किरदार निभाया था. उनके रोल को काफी पसंद किया गया था. अनुष्का ने 'बाहुबली' फिल्म के पहले भाग में ज्यादा स्क्रीन स्पेस शेयर नहीं किया मगर फिल्म के दूसरे भाग में उनका प्रमुख रोल था.

अनुष्का अपने लुक के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं. उनकी ग्लैमरस और बोल्ड फोटोज काफी वायरल होती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस की एक लेटेस्ट फोटो अपने दोस्तों के साथ खूब कू पर खूब वायरल हो रही है. ये फोटो एक्ट्रेस की लॉकडाउन के दौरान की रीसेंट फोटो है जिसमें वो अपने दोस्तों के के साथ काफी अलग लग रही है और मस्ती के मूड में नज़र आ रही इस फोटो में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. फोटो में उनकी स्माइल भी बहुत प्यारी लग रही है. कू पर कई यूजर्स ने अनुष्का की इस फोटो को पोस्ट किया है.

इस फोटो के साथ उन्होंने लिखा है ज़िन्दगी में किसी भी मोड़ पर हमारे रस्ते चाहे कितने भी लग क्यों न हो जाएँ पर हमारा साथ एक दुसरे के साथ हमेशा अटूट है और रहेगा इस फोटो को अनुष्का ने अपने कू हैंडल से शेयर किया था. इस फ़ोटो के शेयर होने के बाद एक फैन ने उनके सारी तस्वीरों के स्केचेस बनाके उनसे शेयर किये और साथ में कई ऐसे फेन्स है जो उनसे उनकी अगली आने वाली मूवी के बारे में भी पूछ रहे है. कंगना के बाद अनुष्का एक ऐसी बड़ी एक्ट्रेस जिन्हें कू पर काफी पसंद किआ जा रहा है. एक ही हफ्ते में उन्होने 25000 से ज़्यादा फॉलोवर्स जुटा लिए हैं।

## 9 सितंबर को थिएटर में रिलीज हो सकती है केजीएफ चैप्टर 2

दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर अभिनेता यश और संजय दत्त के अभिनय से सजी फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 काफी समय से चर्चा में है। इस फिल्म की रिलीज का इंतजार फैंस काफी बेसब्री से कर रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि यह फिल्म आगामी 9 सितंबर को थिएटर में रिलीज हो सकती है। फिल्म समीक्षक सुमित कडेल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बताया है कि फिल्म इस साल सितंबर में रिलीज होगी। सुमित ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, यदि कोरोना वायरस की तीसरी लहर देश में नहीं आती है और थिएटर्स खुल जाते हैं, तो यह फिल्म 9 सितंबर, 2021 को थिएटर में रिलीज हो सकती है। कोरोना की दूसरी लहर आने के पहले जनवरी में घोषणा की गई थी कि यह फिल्म इस साल 16 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब इस फिल्म की रिलीज डेट को बदलने के बारे में बातचीत चल रही है।

हालांकि, मेकर्स की तरफ से इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। बुधवार को सोशल मीडिया पर ऐसी चर्चा चली थी कि फिल्म की रिलीज को टाला जा सकता है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे 100 करोड़ रुपये की बजट में बनाया जा रहा है। इस फिल्म को कन्नड़, हिन्दी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। फिल्म के लीड कलाकार यश फिल्म के डबिंग के काम को पूरा कर रहे हैं। यश के अलावा फिल्म में मालविका अविनाश, संजय और रवीना टंडन भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में दक्षिण भारतीय फिल्मों की अदाकारा श्रीनिधि शेट्टी भी अभिनय करती नजर आएंगी। जनवरी में रिलीज किए गए फिल्म के टीजर को काफी पसंद किया गया था। यह 2018 में रिलीज हुई फिल्म केजीएफ चैप्टर 1 का सीक्वल है। इसे कन्नड़ भाषा में बनाया गया था, जबकि यह तमिल, तेलुगु और हिन्दी भाषाओं में डब हुई। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। यह 250 करोड़ रुपये कमाने वाली पहली कन्नड़ फिल्म थी। संजय ऑरिजनल फिल्म में मुख्य खलनायक की भूमिका निभाने वाले अधीरा के किरदार में नजर आएंगे।

# सिर्फ व्हाइट शर्ट पहने तारा सुतारिया ने दिखाया अपना बोल्ड अवतार




बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करके फैंस का दिल जीत लेती हैं. उनकी तस्वीरें पोस्ट होते ही वायरल हो जाती हैं. आज तारा ने अपनी बोल्ड तस्वीर शेयर की है जो पोस्ट होते ही वायरल हो गई है. फोटो में तारा ने सिर्फ व्हाइट शर्ट पहनी हुई है. तारा ने लेटेस्ट फोटोशूट डब्बू रतनानी के कैलेंडर के लिए करवाया है. इस बोल्ड तस्वीर में तारा ने सिर्फ व्हाइट कलर की शर्ट पहनी है. साथ ही नी लेंथ टैन बूट्स पहने हैं. तारा की इस तस्वीर से उनके फैंस की नजरें नहीं हट रही हैं. तारा की इस तस्वीर को 2 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं. उनके फैंस ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा- बहुत सुंदर. वहीं दूसरे फैन ने लिखा- माइ गर्ल इज ऑन फायर. आपको बता दें तारा से पहले टाइगर श्रॉफ, आलिया भट्ट, विक्की कौशल, विद्या बालन, अभिषेक बच्चन, कियारा आडवाणी, सनी लियोनी सहित कई सेलेब्स इस साल डब्बू रतनानी के कैलेंडर शूट का हिस्सा बने हैं. सभी सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर की थी जो पोस्ट होते ही वायरल हो गई थीं. तारा सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए ग्लैमरस के साथ देसी अवतार में भी दिखाती रहती हैं. हाल ही में तारा ने लहंगे में फोटोशूट करवाया था. जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी. तारा सुतारिया ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था. इस फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे और टाइगर श्रॉफ लीड रोल में नजर आए थे. इसके बाद तारा फिल्म मरजावां में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आई थी. उसके बाद से तारा किसी फिल्म में नजर नहीं आई हैं. उनकी फिल्म तड़प आने वाली है. इस फिल्म में तारा के साथ सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी नजर आने वाले हैं. इसके अलावा तारा टाइगर श्रॉफ के साथ दोबारा हीरोपंती 2 में काम करने वाली हैं।

# थिएटर में रिलीज होगी अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प?

कोरोना महामारी के कारण बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्में थिएटर छोड़ ओटीटी का रुख कर चुकी हैं। पिछले काफी समय से चर्चा थी कि सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ही रिलीज होगी। अहान की इस फिल्म का दर्शकों से बेसब्री से इंतजार है। अब इसकी रिलीज से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है। यह फिल्म कब रिलीज होगी और थिएटर में रिलीज होगी या ओटीटी पर, आइए जानते हैं। अहान ने तड़प की शूटिंग पूरी कर ली है। निर्माताओं ने फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम भी निपटा लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक अब निर्माता थिएटर खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद ही वे फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया



है कि फिल्म किसी भी हाल में ओटीटी पर नहीं आएगी। यह अहान की पहली फिल्म है और निर्माता साजिद नाडियाडवाला इसे थिएटर में ही रिलीज करना चाहते हैं। पिछले दिनों खबर थी कि अहान को फिल्म आशिकी 3 के लिए फाइनल कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म में अहान के नाम पर निर्माताओं की मुहर लग चुकी है और वह अगले साल से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। सूत्रों की मानें तो अहान तड़प जैसी अपनी पहली एक्शन फिल्म के बाद एक इमोशनल रोमांटिक फिल्म में काम करना चाहते थे और अब आशिकी 3 के साथ उनकी यह ख्वाहिश पूरी होने जा रही है। फिल्म तड़प में अहान के साथ अभिनेत्री तारा सुतारिया नजर आएंगी। मिलन लुथारिया ने फिल्म का निर्देशन किया है और साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। इस साल मार्च में अक्षय ने उनकी इस फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया था। तडप 2018 में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म आरएक्स 100 का हिंदी रीमेक होगी।

## कमाई में किसी से कम नहीं वाणी कपूर

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा वाणी कपूर को भला कौन नहीं जानता है. अपनी एक्टिंग के साथ साथ वाणी ग्लैमरस अदाओं के लिए भी जानी जाती हैं. वाणी कपूर ने मॉडलिंग में अपनी एक खास पहचान बनाने के बाद बॉलीवुड में एंट्री की थी. तमाम परेशानियों के बाद आज वाणी एक खास मुकाम पर पहुंची हैं. वाणी आज करोड़ों में खेलती हैं. वाणी ने अपने करियर की शुरुआत दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के साथ की थी. वाणी सुशांत के साथ 2013 में आई फिल्म शुद्ध देसी रोमांस में नजर आई थीं. इस फिल्म के बाद से एक्ट्रेस धीरे धीरे करियर में आगे बढ़ रही हैं. अब सिर्फ खूबसूरती ही नहीं बल्कि पैसों के मामले में भी किसी से कम नहीं वाणी कपूर. वाणी अपनी हर एक फिल्म के लिए लाखों रूपये चार्ज करती हैं. खबरों की मानें तो एक्ट्रेस वाणी कपूर की कुल संपत्ति 2020 में 9 करोड़ रुपये के आस पास थी. जबकि नेटवर्थ्सपीडिया के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 75 मिलियन रुपए से 374 मिलियन रुपए के बीच है. यानि की कमाई में वाणी किसी भी बड़ी एक्ट्रेस से अब कम नही हैं. वाणी की कमाई के अलग अलग सोर्स हैं. एक्ट्रेस फिल्मों के अलावा मॉडलिंग, विज्ञापन , फोटोशूट आदि से तगड़ी कमाई करती हैं. इस सोर्स से भी कमाई में वाणी बाकी एक्ट्रेस से कम नहीं हैं. आपको बता दें कि वाणी कपूर दिल्ली की रहने वाली हैं. उन्होंने यहां आलीशान घर खरीदा है. इसके अलावा एक्ट्रेस का मुंबई में भी घर है. मीडिया की खबरों की मानें तो वह कई देशों में अलग-अलग संपत्तियों के मालिक भी हैं. हालांकि इनकी कोई पुष्टि नहीं है. वाणी कपूर की कार का कलेक्शन काफी आम है. वाणी के पास ऑडी जैसी कई कार हैं।




# शाहरुख पठान के बाद राजकुमार हिरानी की फिल्म की शूटिंग सितंबर में शुरू करेंगे



दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान ने दमदार अभिनय से लाखों दर्शकों को अपना मुरीद बनाया है। फैंस इनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। फिलहाल वह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म पठान को लेकर चर्चा में हैं। हाल में शाहरुख ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की है। अब जानकारी सामने आ रही है कि वह पठान के बाद राजकुमार हिरानी की अगली फिल्म की शूटिंग सितंबर में शुरू करेंगे। शाहरुख काफी समय से राजकुमार की फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। राजकुमार की आगामी फिल्म में शाहरुख के साथ तापसी पन्नू के नजर आने की खबरें सामने आई थीं। हालांकि, इस संबंध में अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजकुमार इस साल सितंबर से शाहरुख के साथ अपनी अपनी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग जनवरी, 2022 तक चलेगी। तापसी इस फिल्म में फीमेल लीड की भूमिका में नजर आ सकती हैं। यदि इस फिल्म में शाहरुख के साथ तापसी को कास्ट किया जाता है, तो इनकी जोड़ी को पहली बार स्क्रीन शेयर करते हुए देखा जाएगा। फिल्म एक सोशल कॉमेडी ड्रामा होगी, जो इमीग्रेशन के मुद्दे पर आधारित होगी। इसमें शाहरुख एक प्रवासी की भूमिका निभाते हुए नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में एक ऐसे व्यक्ति की कहानी को फिल्माया जाएगा, जो पंजाब से कनाडा शिफ्ट हो जाता है। फिल्म को राजकुमार और कनिका ढिल्लों ने लिखी है। अब फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है। राजकुमार की यह फिल्म 2022 में रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया था कि शाहरुख और राजकुमार के इस प्रोजेक्ट की चर्चा लंबे समय से चल रही है। इससे पहले शाहरुख के प्रोडक्शन वाली फिल्म बदला में तापसी ने काम किया था। बदला में अमृता सिंह और अमिताभ बच्चन भी नजर आए थे। शाहरुख के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। वह थ्रिलर फिल्में बनाने के लिए मशहूर राज एंड डीके की आगामी फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। निर्देशक संजय लीला भंसाली ने भी शाहरुख के साथ इजहार नाम की एक रोमांटिक फिल्म बनाने की प्लानिंग की है। अभिनेता सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में शाहरुख छोटी, लेकिन एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखने वाले हैं।

# साबुन और बाद में एलर्जी का कारण, समझें



साबुन में कुछ ऐसे तत्व होते हैं जो अक्सर एलर्जी का कारण बन सकते हैं। इनमें से एक प्रकार का रसायन हैलोजनेट्स सैलिसिलेनिलाइड्स कहा जाता है। दुनिया के विकसित देशों में कई साल पहले ऐसे रसायनों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई थी। जो लोग 10-15 साल पहले इन रसायनों का इस्तेमाल करते थे, वे अब अपनी त्वचा पर एक प्रकार की एलर्जी का अनुभव कर रहे हैं, जिसे चिकित्सकीय भाषा में फोटोएलर्जी कहते हैं। ये रसायन त्वचा को प्रकाश के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाते हैं। नतीजतन, त्वचा को हल्की धूप मिलने पर एलर्जी हो जाती है। हमारे देश में साबुन के आवरण पर उत्पाद का संघटन नहीं लिखा होता है। नतीजतन, डॉक्टरों के लिए बीमारी का विस्तृत विचार प्राप्त करना अक्सर असंभव होता है, चाहे उत्पाद में हानिकारक तत्व हों। यदि रचना लिखी जाती है, तो डॉक्टर आसानी से रोगी के लिए सही साबुन की पहचान कर सकते हैं। एलर्जी अक्सर साबुन के साथ अलग-अलग रंगों के मिलने से होती है। नतीजतन, हाथ के पीछे या बगल पर दाने दिखाई देते हैं।


वर्तमान में हमारे देश के उत्पाद बाजार में क्षारीय या औषधीय साबुन की भारी मांग है। इससे त्वचा में एलर्जी के अलावा जलन भी हो सकती है। इससे त्वचा पर घाव भी हो सकते हैं। खासकर अगर त्वचा को पहले से ही डर्मेटाइटिस है।

अगर आपको एक्जिमा है तो चिंता की कोई बात नहीं है- शुरुआत से ही उचित उपचार से इस बीमारी को खत्म किया जा सकता है। इसलिए रोग को बिल्कुल भी नहीं रखना चाहिए। एक्जिमा के रोगियों के मामले में अक्सर यह देखा जाता है कि रोग कम होते ही रोगी दवा लेना या उपयोग करना बंद कर देता है। इसलिए, यदि आप चिकित्सक द्वारा बताए अनुसार इलाज के बाद कुछ और दिनों तक दवा का उपयोग करते हैं, तो एक्जिमा की पुनरावृत्ति का जोखिम बहुत कम हो जाता है।

हालांकि, मधुमेह के रोगियों को एक्जिमा ठीक होने में थोड़ा अधिक समय लगता है। अच्छे रक्त शर्करा के स्तर और एक्जिमा के उचित उपचार से दोनों रोगों को नियंत्रित किया जा सकता है। यदि गर्भवती मां को एक्जिमा है, तो पहले तीन महीनों तक भोजन की दवा देना उचित नहीं है। लेकिन ऐसा उपचार स्थानिक कोटिंग के साथ किया जा सकता है। कुछ एक्जिमा गर्म, गर्म या शुष्क मौसम में विकसित होते हैं। जैसे सेबोरहाइक एक्जिमा से गर्मी और पसीना आता है। इसलिए हर समय सावधान रहें। थोड़ी सी जागरूकता से इन बीमारियों से बचा जा सकता है।

## कुछ घरेलू नुस्खों से करें जी मिचलाने का इलाज

कार में बैठने से मतली हो सकती है। कई कारणों के अलावा जी मिचलाना, भूख न लगना भी आ सकता है। यह समस्या गर्भावस्था के दौरान, यात्रा के दौरान या एसिडिटी के कारण अधिक होती है।



1. अदरक कई तरह की शारीरिक बीमारियों को दूर करता है। जी मिचलाना या पेट की किसी भी समस्या के लिए आप अदरक का सेवन कर सकते हैं। अगर आपको मिचली आ रही है तो अदरक का एक टुकड़ा चबाएं।

2. नींबू के रस में मौजूद एसिड मतली को कम करता है। एक गिलास गर्म पानी में नींबू का रस और एक चुटकी नमक मिलाकर पीने से मतली से राहत मिलती है।

3. अध्ययनों से पता चला है कि पुदीने की पत्ती का तेल मतली को कम करता है। दोनों हाथों की हथेलियों पर तेल की कुछ बूंदों से महक सूखने पर यह समस्या दूर हो जाएगी।

4. मतली को कम करने के लिए कुछ मसाले अच्छा काम करते हैं। विशेष रूप से सौंफ पाउडर, दालचीनी पाउडर और भुना जीरा मतली से राहत दिलाता है। इन मसालों की चाय बनाना भी फायदेमंद होता है।

5. अगर आपको मिचली आ रही है, तो आप एक छोटी इलायची को अपने मुंह में डाल सकते हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा के अनुसार, यह मतली से राहत देता है।

## डालर की दादागिरी को वैश्विक चुनौती

सनत कुमार जैन

अमेरिका के पास,दुनिया का 18 ट्रिलियन डॉलर बकाया है।जो अमेरिका की जीडीपी का 73 फ़ीसदी है।मुद्रा कोष में 50 फीसदी का पैमाना खतरे का निशान माना जाता है। अमेरिका का स्तर वर्तमान में 73 फ़ीसदी पर पहुंच गया है।अमेरिका की अर्थव्यवस्था लगातार धीमी पड़ रही है। इससे सारी दुनिया के देशों की चिंता बढ़ गई है। अमेरिकी डॉलर के कारण दुनिया के कई देश वित्तीय संकट में आ जाते हैं। आयात- निर्यात व्यापार का संतुलन बिगड़ जाता है। भुगतान को लेकर बड़े संकट खड़े हो जाते हैं।1970 के दशक में डालर की तुलना में अन्य देशों की मुद्रा में भारी गिरावट आई थी। जो लगभग 7 वर्षों तक चली थी। 2011 के बाद से डॉलर की मूल्य वृद्धि अन्य देशों की मुद्राओं को लगातार कमजोर बना रही है। जिसके कारण दुनिया के कई देश विदेशी मुद्रा संकट से जूझ रहे हैं।कई देशों की अर्थव्यवस्था, डालर की मूल्य वृद्धि के कारण लड़खड़ा रही है। डालर के कारण कई देश जरूरी चीजों का आयात नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण उन देशों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। अमेरिका ने जिस तरह से रूस पर पाबंदी लगाकर रूस को वित्तीय संकट में डाल दिया था। प्रतिबंध का असर रूस के आम नागरिकों को झेलना पड़ा। रूस जैसी महाशक्ति को अमेरिका के प्रतिबंध और डॉलर मैं लेन-देन बंद होने से भारी परेशान हुई। उसके बाद दुनिया के अधिकांश देश भी डालर मुद्रा को लेकर वैकल्पिक उपाय सोचने लगे हैं।दुनिया के कई देशों ने आयात निर्यात के लिए अपने संबंधों के आधार पर उन देशों की मुद्रा स्वीकार करना शुरू कर दी। कुछ प्रतिशत में अन्य मुद्राओं को स्वीकार करना शुरू कर दिया है। वर्तमान में दुनिया के मुद्रा भंडार में डालर की भागीदारी 59 फ़ीसदी पर पहुंच गई है।1995 की तुलना में यह सबसे निम्न स्तर है।डॉलर को चुनौती देने के लिए डिजिटल मुद्रा ने भीकुछ समय के लिए अपनी धमक बनाई थी।किंतु विश्वसनीयता नहीं होने के कारण विश्व भर के देश डालर के स्थान पर अन्य मुद्राओं को आयात निर्यात के विकल्प के रूप में देख रहे हैं। रूस और ईरान जैसे देशों ने अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद जिस तरीके से आर्थिक संकट का मुकाबला किया है।डालर मुद्रा के प्रतिबंधों का जवाब अन्य तरीके से देकर उन्होंने अमेरिका को आईना दिखाने का काम किया है। डालर मुद्रा की लगातार मूल्य वृद्धि के कारण अन्य देशों ने भी डालर के मुकाबले अन्य विकल्प अपनाने शुरू कर दिए हैं। जिसके कारण डालर का दबदबा कम होता जा रहा है। अमेरिकी डॉलर के स्थान पर यूरोप,जापान और यूके मुद्रा भी विकल्प के रूप में सामने है। इसी तरह आयात- निर्यात के असंतुलन में अन्य मुद्रा के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। जिसके कारण डालर का दबदबा धीरे-धीरे खत्म होता हुआ, दिख रहा है।

# महान सनातन भारतीय संस्कृति ही इस देश का मूल आधार है

प्रहलाद सबनानी

किसी भी राष्ट्र के मूल में कुछ तत्व निहित होते हैं, जिनके बल पर वह देश आगे बढ़ता है और समाज के विभिन्न वर्गों को एकता के सूत्र में पिरोए रखता है। भारत के एक राष्ट्र के रूप में, इसके मूल में, सनातन हिंदू संस्कृति का आधार है जो हजारों वर्षों से भारत को आज भी भारत के मूल रूप में ही जीवित रखे हुए है। अन्यथा, पिछले लगभग 1000 वर्षों में भारत को तोड़ने के लिए अरब के आक्रांताओं और अंग्रेजों के द्वारा अनेकानेक प्रयास किए गए हैं। अरब के आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने बहुत अधिक प्रयास किए कि किसी तरह भारतीय मूल संस्कृति को तहस नहस किया जाय, शिक्षा पद्धति को ध्वस्त किया जाय, बलात हिंदुओं का धर्म परिवर्तन किया जाय, आदि आदि। इन प्रयासों में उन्हें कुछ सफलता तो अवश्य मिली परंतु पूर्ण रूप से भारतीय संस्कृति को समाप्त नहीं कर पाए। जबकि कई अन्य देशों (ईरान, लेबनान, इंडोनेशिया, मिस्त्र, ग्रीक आदि) में इनके यही प्रयास पूर्ण रूप से सफल रहे एवं वहां के लगभग सम्पूर्ण नागरिकों को इस्लाम में परिवर्तित करने में वे सफल रहे। भारत में चूंकि सनातन हिंदू धर्म का बोलबाला है अतः यहां इन तत्वों को आज तक सफलता नहीं मिली है हालांकि इनके प्रयास अभी भी जारी हैं।

अंग्रेजों ने जब भारत पर शासन करना प्रारम्भ किया तो उनका अज्ञानतावश यह सोच था कि यहां के नागरिक कुछ जानते ही नहीं है और इनकी विज्ञान के प्रति कोई समझ ही नहीं है।उनका यह भी सोच था कि हिन्दुस्तान कई राज्यों का एक समूह है और यह एक राष्ट्र नहीं है। भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा है, ना ही अभी यह एक राष्ट्र है और न ही कभी भविष्य में यह एक राष्ट्र रह पाएगा। क्योंकि यहां तो विभिन्न राजा राज्य करते हैं और उनके राज्यों की अलग अलग भौगोलिक सीमाएं हैं इसलिए भारत का एक रार्ष्ट्र के रूप में कभी अस्तित्व ही नहीं रहा है। अंग्रेज यह भी मानते थे कि पूरे भारत के लोग एक हो जाएंगे यह कभी सम्भव ही नहीं है।

अंग्रेज अहंकारवश भारतीयों को अनपढ़, असभ्य एवं रूढ़िवादी तक कहते थे। उनकी नजरों में भारतीयों की कोई एतिहासिक उपलब्धि नहीं है एवं भारत के बर्बर, जंगली लोगों को सभ्यता सिखाने का दायित्व हमारा (अंग्रेजों का) है। भारत के लोग प्रशासन करने के अयोग्य है। किसी कारण से यदि भारत को स्वतंत्र रार्ष्ट्र का दर्जा दे दिया तो इस देश की बर्बादी सुनिश्चित है और फिर इसकी जवाबदारी हमारी (अंग्रेजों की) होगी। उनको विशेष रूप से हिंदुओं से बहुत डर लगता था और वे हिंदुओं से सावधान रहने की आवश्यकता पर बल दिया करते थे। उनका सोच था कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत बहुत जल्दी बर्बाद हो जाएगा। भारत में लोकतंत्र जीवित नहीं रह सकता, यह बहुत ही अस्वाभाविक राज्य है। भारत आजाद होते ही कई टुकड़ों में बिखर जाएगा क्योंकि यहां 52 करोड़ लोग हैं एवं इनकी अलग अलग भाषाएं हैं ये आपस में लड़ते रहते हैं और कभी भी एक नहीं रह पाएंगे। भारत आजादी के बाद पूरी दुनिया के लिए एक भार बन जाएगा एवं यहां के नागरिक भूख से ही मर जाएगे। उक्त सोच ब्रिटेन, अमेरिका, लगभग समस्त यूरोपीय देशों सहित कई देशों की भी थी।

आज भी आतंकवादी संगठन एवं विदेशी ताकतें जो भारत को अस्थिर करना चाहते हैं वे इसी परिकल्पना पर अपना कार्य प्रारम्भ करते हैं एवं समाज के विभिन्न वर्गों को आपस में लड़ाने का प्रयास करते नजर आते हैं।

उक्त वर्णित देशों की यह सोच इसलिए थी क्योंकि उनके पास हिंदू सनातन संस्कृति का कोई ज्ञान नहीं था बल्कि उनकी अपनी पश्चिम रंग में रची बसी सोच थी जो केवल ÷मैं÷ में विश्वास करती थी उनके लिए देश मतलब केवल भौगोलिक सीमाओं वाला जमीन का टुकड़ा और उस जमीन के टुकड़े पर रहने वाले लोग ही विशेष हैं। उनके सोच में अहम का भाव कूट कूट कर भरा है। केवल मैं ही श्रेष्ठ हूं। इस दुनिया में रहने



वाले बाकी सभी लोग हमसे हीन हैं। जर्मन लोगों ने अपना एक विशेष दर्शन शास्त्र दुनिया के सामने रखा जिसमें उन्होंने किसी और दर्शन को स्वीकार न करते हुए केवल अपने दर्शन को ही श्रेयस्कर माना एवं अहंकार का भाव जाहिर किया। जर्मन, फ़्रेंच से भिन्न हैं। यूरोप में प्रत्येक देश ने अपने आप को दूसरे देश से बिलकुल अलग रखा हुआ है। पश्चिम का राष्ट्रवाद एकांतिक है इसमें समावेशिता का नितांत अभाव है। इसीलिए आज रूस, यूक्रेन के साथ लड़ रहा है तो जर्मनी की फ़्रान्स के साथ नहीं बनती है। इसी प्रकार यूरोप के लगभग सभी देशों के आपसी विचारों में किसी न किसी प्रकार की भिन्नता दृष्टिगोचर होती रहती है। जबकि यह लगभग सभी देश ईसाई धर्म को मानने वाले देश हैं।

आज कई इस्लामी देश भी पश्चिमी सोच की राह पर चलते हुए दिखाई दे रहे हैं कि केवल हमारा धर्म ही श्रेष्ठ है। इस धरा पर जो भी इस्लाम को नहीं मानता हैं वह काफिर है और उसे जीने का हक नहीं हैं। काफिर या तो इस्लाम को कबूल करे अथवा वह मार दिया जाएगा। और तो और इस्लामी देशों में भी अलग अलग किस्म के कई फिर्के आपस में ही लड़ते झगड़ते रहते हैं एवं एक दूसरे को अपने से श्रेष्ठ सिद्ध करने की कोशिश में लगे रहते हैं। जबकि भारतीय विचारधारा इसके ठीक विपरीत आचरण करना सिखाती है विशेष रूप से सनातन हिंदू संस्कृति में जो व्यक्ति जितना विशेष होगा वह उतना ही विनयपूर्ण होगा और इस नाते भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति अविभाजनकारी दर्शन पर चलकर सर्वसमावेशी है। इसमें ईश्वरीय भाव जाहिर होता है। जो मेरे अंदर है वही आपके अंदर भी है अर्थात मुझमें भी ईश्वर है और आपमें भी ईश्वर का वास है। इस प्रकार प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी जाति का हो, किसी भी मत, पंथ को मानने वाला हो, अपने आप को भारत माता का सपूत कहने में गर्व का अनुभव करता है। और, इसलिए भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति अन्य संस्कृतियों को भी अपने आप में आत्मसात करने की क्षमता रखती है। इतिहास में इस प्रकार के कई उदाहरण दिखाई देते हैं। जैसे पारसी आज अपने मूल देश में नहीं बच पाए हैं लेकिन भारत में वे रच बस गए हैं। इसी प्रकार इस्लाम धर्म को मानने वाले लगभग सभी फिर्के भारत में निवास करते हैं जबकि विश्व के कई इस्लामी देशों में केवल एक विशेष प्रकार के फिर्के पाए जाते हैं।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, अंग्रेजों एवं अन्य कई देशों की सोच के ठीक विपरीत, विभिन्न मत, पंथों को मानने वाले भारतीय 26 विभिन्न राष्ट्रीय भाषाओं के साथ न केवल सफलतापूर्वक एक दूसरे के साथ तालमेल बिठाकर आनंद में रह रहे हैं बल्कि आज भारतीय लोकतंत्र पूरे विश्व में सबसे बड़े मजबूत लोकतंत्र के रूप में अपना स्थान बना चुका है। यह केवल सनातन हिंदू संस्कृति के कारण ही सम्भव हो सका है। सनातन हिंदू संस्कृति में एकात्मता का भाव मुख्य रूप से झलकता है। अतः वर्तमान में आतंकवादियों एवं अन्य कई देशों द्वारा भारत में अस्थिरता फैलाने के जो प्रयास किए जा रहे हैं उन्हें भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति के दर्शन को अपनाकर ही पूर्णतः दबाया जा सकता है एवं इसलिए आज सामाजिक समरसता की देश में सबसे अधिक महती आवश्यकता है। इसके भी आगे जाकर आज भारतीय मुस्लिमों के लिए पूरे विश्व के सामने भारतीयता की पहचान कराने का समय आ गया है एवं भारतीय संस्कृति में रचे बसे इस्लाम के चेहरे को पूरे विश्व के सामने लाना चाहिए ताकि पूरे विश्व से आतंकवाद का सफाया किया जा सके।

## मन की शक्ति

मन को जीवन का केंद्रबिंदु कहना असंभव नहीं है। मनुष्य की क्रियाओं, आचरणों का प्रारंभ मन से ही होता है। मन तरह-तरह के संकल्प, कल्पनाएं करता है। जिस ओर उसका रुझान हो जाता है उसी ओर मनुष्य की सारी गतिविधियां चल पड़ती है। जैसी कल्पना हो उसी के अनुरूप प्रयास-पुरुषार्थ एवं उसी के अनुसार फल सामने आने लगते हैं। मन जिधर रस लेने लगे उसमें लौकिक लाभ या हानि का बहुत महत्व नहीं रह जाता। प्रिय लगने वाले के लिए सब कुछ खो देने और बड़े से बड़े कष्ट सहने को भी मनुष्य सहज ही तैयार हो जाता है। मन यदि अच्छी दिशा में मुड़ जाए; आत्मसुधार, आत्मनिर्माण और आत्मविकास में रुचि लेने लगे तो जीवन में एक चमत्कार हो सकता है। सामान्य श्रेणी का मनुष्य भी महापुरुषों की श्रेणी में आसानी से पहुंच सकता है। सारी कठिनाई मन को अनुपयुक्त दिशा से उपयुक्त दिशा में मोड़ने की ही है। इस समस्या के हल होने पर मनुष्य सच्चे अर्थ में मनुष्य बनता हुआ देवत्व के लक्ष्य तक सुविधापूर्वक पहुंच सकता है। शरीर के प्रति कर्तव्य पालन करने की तरह मन के प्रति भी हमें अपने उत्तरदायित्वों को पूर्ण करना चाहिए। कुविचारों और दुर्भावनाओं से मन गंदा, मलिन और पतित होता है, अपनी सभी विशेषता और श्रेष्ठताओं को खो देता है। इस स्थिति से सतर्क रहने और बचने की आवश्यकता का अनुभव करना हमारा पवित्र कर्तव्य है। मन को सही दिशा देते रहने के लिए स्वाध्याय की वैसी ही आवश्यकता है जैसे शरीर को भोजन देने की। आत्मनिर्माण करने वाली जीवन की समस्याओं को सही ढंग से सुलझाने वाली उत्कृष्ट विचारधारा की पुस्तकें पूरे ध्यान, मनन और चिंतन के साथ पढ़ते रहना ही स्वाध्याय है। यदि सुलझे हुए विचारों के जीवन विद्या के ज्ञाता कोई संभ्रांत सज्जन उपलब्ध हो सकते हों तो उनका सत्संग भी उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

## भारत की आस जुड़ी है आशाकर्मियों से

सोनम लववंशी

आशा यानि उम्मीद और ये उम्मीद ही है, जिसकी बदौलत हम बहुत कुछ बदल सकते है। अगर उम्मीद है, तो कुछ भी हासिल करना सम्भव है। ऐसा ही कुछ हमारे देश में आशा कार्यकर्ताएं कर रही हैं। उनके कंधे पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है जिसे वो बखूबी निभाती भी हैं। इसकी एक बानगी हमें कोरोना काल में देखने को मिली। जब लोगों के भीतर भय का माहौल था, लोग अपनों से ही डर रहे थे कि कहीं जान सांसत में न फंस जाए। तब ये आशा कार्यकर्ताएं अपनी जान की परवाह न करते हुए लोगों की जान बचाने में लगी हुई थी। देखा जाए तो वर्तमान में हमारे देश में दस लाख आशा कार्यकर्ताए हैं। जो दिन-रात मेहनत कर लोगों के घर-घर तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचा रहीं हैं। इनमें से कुछ लाइम-लाइट में अपने काम की वजह से आ जाती हैं तो कुछ गुमनामी में भी अपना काम करती रहती हैं। इसी बीच मध्यप्रदेश के रीवा ज़िले की एक आशा कार्यकर्ता रंजना द्विवेदी काफी सुर्ख़ियों में हैं। उनके सुर्खियों में बने होने का एक सबसे बड़ा कारण उनका समर्पण और अपने कर्तव्य के प्रति वफ़ादारी है। जिसकी बदौलत वो देश-दुनिया में नाम कमा रही हैं और बीते दिनों उनसे अमिताभ बच्चन ने भी चर्चा की। ऐसे में आज हम आशा कार्यकर्ताओं के बारे में और उनके कार्य में आने वाली अड़चनों की बात करते। जो सामाजिक और आर्थिक दोनों प्रकार की होती है। आज हम भले इक्कीसवीं सदी में जी रहें हैं। जहां चीजें काफ़ी आसान हो गई हैं, लेकिन आशा कार्यकर्ताओं का पेशा अनगिनत दुश्वारियों से होकर आगे बढ़ता है। आशाकर्मी को उचित मेहनताना नहीं मिलता, नर्सों की तरह सम्मान नहीं मिलता। इसके अलावा भी कई अड़चनों से होकर गुजरना पड़ता है। इन सबके बावजूद भी आशाकर्मी कभी आस नहीं छोड़ती और अपने



काम में तलीनता के साथ लगी रहती है। रीवा जिले की रंजना के जीवन में आने वाली ही अड़चनों को देख लीजिए। वो रीवा जिले के तरई अंचल के कोनी रुपाली गांव से आती हैं। उन्होंने कोरोना काल जैसी महामारी के बीच हर दिन 7 किलोमीटर न सिर्फ पैदल चलना सुनिश्चित किया, बल्कि नदी पार कर एक छोटे से पहाड़ी गांव गुरगुदा जाती थी। ये गांव तीन तरफ़ से पहाड़ों से घिरा हुआ है, और इस गांव में पहुँचने के लिए नदी तक पार करनी पड़ती है। उन्होंने न केवल इस कठिन सफ़र को तय किया बल्कि ग्रामीण जनता को भी जागरूक करने के लिए कड़ी मेहनत की। उनकी ज़ुबानी में कहें तो एक समय ऐसा भी आया। जब ग्रामीणों ने आशा कार्यकर्ता की बात को अनसुना कर दिया। साथ ही टीकाकरण का भी जमकर विरोध किया लेकिन आशा कार्यकर्ता की हिम्मत और लगन की बदौलत आज गांव में 100 प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है। रंजना ने अपने बेटे के साथ मिलकर ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए पोस्टर तक बनाएं। ताकि पोस्टर के जरिए लोगों को समझाया जा सकें और आखिरकार उनकी यह मेहनत रंग लाई।

यह आशाकर्मी रंजना द्विवेदी की अपने काम के प्रति निष्ठा ही है। जिसकी बदौलत उनका चयन विश्व के सर्वश्रेष्ठ 19 महिलाओं में हुआ और वुमन-19 में उन्हें सबसे प्रभावशाली महिलाओं में तीसरा स्थान मिला। यह उपलब्धि उनके लिए और विशेषकर आशाकर्मियों के लिए बहुत मायने रखती है, क्योंकि रंजना न तो कोई सेलिब्रेटी हैं और ना ही उनका कॉरपोरेट जगत से कोई नाता। लेकिन उन्होंने फ़िर भी अपनी लगन और जज़्बे के दम पर जो मुकाम हासिल किया वह काबिलेतारीफ है। किसी ने सच ही कहा है कि इंसान चाहें तो अपनी मेहनत और क़िस्मत से क्या कुछ नहीं हासिल कर सकता। कोरोना काल में रंजना द्वारा किए गए साहसिक कार्य के लिए अमेरिकी संस्था एनपीआर ने उन्हें न केवल अपने सर्वे में शामिल किया। बल्कि 19 प्रभावशाली महिलाओं में तीसरा स्थान भी दिया। एक कहावत है कि लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। कुछ ऐसी ही मिसाल रंजना द्विवेदी ने भी पेश की है। वह 7 किलोमीटर के पैदल सफ़र में न ही डकैतों से डरी न ही जंगली जानवरों का भय सताया। यहां तक कि गांव पहुंचने के लिए नदी तक को पार किया। तमाम चुनौतियों के बाद भी रंजना का समाज सेवा के प्रति जज़्बा कम नहीं हुआ। उनके इस जज़्बे को आज पूरी दुनिया सलाम कर रही है।

# कल तक जो खुद 'गुलाम' थे,आज़ाद हो गये

### सूडोकु नवताल- 6180

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल 6179 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

तनवीर जाफ़री

ग़ुलाम नबी आज़ाद का कांग्रेस को अलविदा कहना कोई अप्रत्याशित नहीं है। इसका आभास तो तभी होने लगा था जब 1 अगस्त 2018 तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा उन्हें उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार से नवाज़ा गया और बाद में इसी नरेंद्र मोदी सरकार ने 2022 में आज़ाद को देश के सर्वप्रतिष्ठित पदम् भूषण सम्मान से भी अलंकृत किया था। देश को %कांग्रेस मुक्त% बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोशिशों के बीच किसी कांग्रेस नेता को ही इतना सम्मान देना, आमजनों द्वारा उसी समय से आज़ाद को संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगा था। जब अमिताभ बच्चन के लोकसभा सीट से त्यागपत्र के बाद 1988 में इलाहबाद में उपचुनाव हो रहे थे उस समय मुख्य विपक्षी उम्मीदवार विश्वनाथ प्रताप सिंह ने एक जनसभा में ग़ुलाम नबी आज़ाद की तरफ़ इशारा करते हुये कहा था कि जो दिल्ली में ग़ुलाम हैं वह यहां (इलाहबाद में ) आज़ाद हैं। यही वह दौर भी था जब वीपी सिंह, अरुण नेहरू, आरिफ़ मोहम्मद ख़ान , रामधन, सत्यपाल मलिक जैसे वरिष्ठ नेताओं को कांग्रेस पार्टी से निकाल दिया गया था । उस समय भी अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता आज के ग़ुलाम नबी आज़ाद की ही तरह कुछ ख़ास %चाटुकारों % के बीच घिरे रहने का राजीव गाँधी पर आरोप लगाते थे। अंतर यह है कि तब आज़ाद की गिनती राजीव गाँधी की उस चाटुकार मण्डली में होती थी जो कथित तौर पर राजीव गाँधी को ग़लत सलाह दिया करते




थे। आज आज़ाद का कथन है कि -%पार्टी अब ऐसी अवस्था में पहुँच गई है जहाँ से वापस लौटना संभव नहीं है%. परन्तु सही मायने में कांग्रेस को इस दुर्गति तक पहुँचाने की बुनियाद डालने वालों में प्रमुख नाम ग़ुलाम नबी आज़ाद का भी है। यह आज़ाद व उन जैसे चापलूस नेता ही थे जिन्हौंने 1988 के इलाहबाद उपचुनाव में विश्व नाथ प्रताप सिंह के विरुद्ध सुनील शास्त्री जैसा कमज़ोर उम्मीदवार कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में उतारने की सलाह देकर कांग्रेस के पतन की शुरुआत में अपनी भूमिका निभाई। जब कोई कोंग्रेसी नेता उस समय इनसे पूछता कि अमिताभ बच्चन को ही पुनः चुनाव लड़वाकर वी पी सिंह की चुनौती क्यों स्वीकार नहीं की गयी तब आज़ाद जवाब देते कि यदि बच्चन %राजा साहब% से चुनाव हार जाते तो विपक्ष राजीव गाँधी के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफ़े के लिये अड़ जाता। इसलिये सुनील शास्त्री को लड़ाया जा रहा है। आज़ाद शायद अकेले ही नेता थे जो कहते फिर रहे थे कि शास्त्री चुनाव जीतेंगे पूरा प्रदेश देख रहा था कि वह चुनाव केवल सुनील शास्त्री की कांग्रेस की उम्मीदवारी के कारण वी पी सिंह के पक्ष में एकतरफ़ा हो चुका था।

ख़ुद जम्मू कश्मीर के जम्मू संभाग के निवासी होने यहां तक कि 2005 से लेकर 2008 तक कांग्रेस पार्टी की ओर से पी डी पी व कांग्रेस की संयुक्त सरकार के मुख्यमंत्री बनने वाले आज़ाद के कश्मीर में जनाधार का अंदाज़ा भी इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन्हें पार्टी ने लोकसभा चुनाव महाराष्ट्र से लड़ाया और केंद्र में मंत्री बनाया। आज़ाद की गिनती कांग्रेस के बिना जनाधार वाले %पैराशूट % नेताओं में होती थी जो आलाकमान से अपनी नज़दीकियों का लाभ उठाकर अपनी मीठी चुपड़ी बातों से गाँधी परिवार का दिल जीत कर हमेशा किसी न किसी पद पर %सुशोभित % रहा करते थे। कांग्रेस में यही सब उस श्रेणी के नेता हैं जो सत्ता या कुर्सी के बिना रहने के आदी नहीं। वर्तमान समय कांग्रेस को ही नहीं बल्कि कांग्रेस की गांधीवादी व नेहरू वादी धर्म निरपेक्ष नीतियों को सीधी चुनौती दक्षिण पंथी शक्तियों द्वारा दी जा रही है। इस समय पार्टी को मज़बूत करने व कांग्रेस की नीतियों पर मज़बूती से चलने व उन्हें प्रचारित करने की ज़रुरत है। राहुल गाँधी इस समय जिस साहस के साथ सत्ता पर हमला कर रहे हैं और भारत जोड़ो यात्रा शुरू कर रहे हैं ऐसे समय में पार्टी के साथ मज़बूती से खड़े रहने की ज़रुरत थी।

## ट्विन टावर के मकड़जाल में निवेशक और बैंक ठगे गए

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नोएडा की 32 मंजिला ट्विन टावर को विस्फोटक लगाकर जमींदोज कर दिया गया।कई वर्षों में तैयार टावर मात्र 9 सेकंड में जमींदोज हो गए। देश का 500 करोड़ रुपया एक ही झटके में मलबे में तब्दील हो गया। मीडिया में ट्विन टावर को गिराने को लेकर संस्थाएं अपनी पीठ थपथपा रही हैं। कोई यह जवाब नहीं दे पा रहा है, कि 500 करोड़ रुपए की यह बहु मंजिला इमारत के लिए नियमों को बदलने वाले और बिल्डर को स्वीकृति देने वाले राजनेता और अधिकारी क्यों बचे रह गए। समरथ को नहिं दोष गुसाई की तर्ज पर सुप्रीम कोर्ट का कहर बिल्डर्स के ऊपर गिरा। बिल्डर ने बैंकों से करोड़ों रुपए फाइनेंस करा रखे थे। सरकारी अनुमतियाँ दिखाकर बिल्डर ने फ्लैट बुक करने वालों से करोड़ों रुपए जमा कराए थे। देश के 500 करोड़ रुपए बिल्डिंग बनाने में खर्च हुए थे। उसे गिराकर हम खुश हो रहे हैं। इतने बड़े राष्ट्रीय नुकसान के लिए जिम्मेदार राजनेताओं और अधिकारियों की यदि संपत्ति भी जप्त हो जाती, तो भविष्य में इस तरह की गड़बड़ी भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी करने सेजिम्मेदा लोग डरते। सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा ऐतिहासिक फैसला किया है।लेकिन अधिकारियों और राजनेताओं पर कार्यवाही ना करने से यह फैसला अधूरा लग रहा है। सुपर टेक कंपनी के इस प्रोजेक्ट को पहले 10 मंजिला की अनुमति मिली थी। लिमिटेड कंपनी होने के कारण इसमें निवेशकों का पैसा जमा है।2 बार नियमों में परिवर्तन कर राजनेताओं ने सीमा बढ़ाई। नोएडा डेवलपमेंट अथॉरिटी के अधिकारियों ने 32 और 40 मंजिला टावर बनाने की अनुमति दी। बैंकों ने फाइनेंस किया। निवेशकों ने अनुमतियां देखकर फ्लैट बुक किए।करोड़ों रुपए का निवेश प्रोजेक्ट में किया। रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई। सुप्रीम कोर्ट में सारे तथ्य सामने आए। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी की जड़ बने राजनेताओं और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई ना करके, सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें एक तरह से बचने का मौका उपलब्ध करा दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में नियमों में परिवर्तन हुआ। राजनेता समय-समय पर बड़ी तेजी के साथ नियमों को बदल देते हैं। यह सभी नियम बड़े प्रोजेक्ट बड़ी रिश्वत के कारण ही बदले जाते हैं। नियम आम आदमी के लिए होते हैं। नोएडा डेवलपमेंट अथॉरिटी ने नियमों में बदलाव होने के बाद परमिशन जारी की। प्रथम दृष्टया इसके लिए 26 अधिकारियों को दोषी मानते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इन अधिकारियों पर कब मुकदमा दर्ज होगा।

# भूख हड़ताल 30 वें दिन भी जारी, केन्द्रीय कृषि मंत्री ने लिखा रेल मंत्री को पत्र



### मामला शासकीय अस्पताल के सामने परंपरागत मार्ग पर अंडर ब्रिज बनाने की मांग का

**कैलारस।** नगरीय क्षेत्र में शासकीय अस्पताल आने-जाने के लिए ब्रॉडगेज निर्माण के कार्य में कृष्ण मार्ग के सामने परंपरागत मार्ग को बहाल रखने के लिए अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर आम जनता की ओर से आंदोलन लगातार जारी है। आंदोलनात्मक कार्यवाहीयों में धरना/ प्रदर्शन/ ज्ञापन/ तिंरगा यात्रा/ सत्याग्रह आदि कार्यवाही की गई हैं। साथ ही 3 अगस्त से लेकर आज तक 30 वें दिन भी क्रमिक भूख हड़ताल जारी रही है। गुरूवार को भूख हड़ताल पर विजेंद्र सिंह परमार, हलकेराम जाटव, मिथुन जाटव, गिर्राज जाटव बैठे। भूख हड़ताल पर बैठाने वालों में मोहल्ला वासी रतन लाल शाक्य, मनुका राम शाक्य, नरेश जाटव, गौरव शाक्य, नरेश रजक, गफ्फार खान प्रमुख रहे। उक्त मामले में कलेक्टर मुरैना की ओर से उत्तर मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजकर कृष्ण मार्ग अंबेडकर मार्ग के सामने सब वे बनाने का आग्रह किया गया है। इससे पूर्व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री की ओर से भी रेल मंत्री को कष्ण मार्ग के सामने अंडर ब्रिज बनाने के संबंध में पत्र भेजा है। अभी हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री की ओर से रेल मंत्री को पत्र भेजकर शास्त्री मार्ग, अंबेडकर मार्ग और कृष्ण मार्ग के सामने अंडर-बिज बनाने का आग्रह किया है। आंदोलन चला रहे नागरिकों ने जिनकी संख्या 10 हजार से ज्यादा है ने निर्णय लिया है कि आगामी दिनों में विशाल सत्याग्रह कर अपनी मांग को पूरी करने के लिए सरकार व अधिकारियों से आग्रह किया जाएगा।

## रेलवे अंडरब्रिज निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने बोर्ड अध्यक्ष को लिखा पत्र

**मुरैना।** जिले के जौरा, कैलारस और सबलगढ़ में रेलवे अंडरब्रिज बनाने के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री व क्षेत्रीय सांसद नरेंद्र सिंह तोमर ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वी.के. त्रिपाठी को पत्र लिखा है। इस संबंध में कैलारस के लोंगो द्वारा गत



29 दिनों से क्रमिक भूख हड़ताल सहित अनेकों आन्दोलनात्मक कार्यवाईयां की गई व केन्द्रीय कृषि मंत्री को ज्ञापन दिया गया, जिसके बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री ने यह पहल की है। अपने पत्र में केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा है कि वर्तमान में रेलवे अंडरब्रिज नहीं होने से स्थानीय निवासियों को असुविधा हो रही है। श्री तोमर ने कहा है कि जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जौरा शहर में पुराने रेलवे स्टेशन के पास से एक रेलवे अंडरब्रिज तथा कैलारस शहर में एक अंडरब्रिज शास्त्री मार्ग के सामने एवं दूसरा अंबेडकर मार्ग और तीसरा अंडरब्रिज कृष्ण मार्ग के सामने बनाना आवश्यक है। इसके अलावा, इन मार्गों के बस स्टैंड से आंतरी ग्राम तक सर्विस रोड का निर्माण कराना भी जरूरी है। इसी तरह, सबलगढ़ के निवासियों की मांग पर श्री तोमर ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि सबलगढ़ में एम.एस. रोड पंचमुखी से पिपरघान रोड तक रेलवे अंडरब्रिज बनाना आवश्यक है। स्थानीय जनसुविधा के मद्देनजर, श्री तोमर ने इन सभी निर्माण कार्यों के संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। श्री तोमर ने रेलवे मंडल रेल प्रबंधक से भी उनके स्तर पर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने को कहा है।

## बिना देंखे, जांचे खाद्य पदार्थ न खरीदें: धर्मेन्द्र जैन

### - जिला प्रशासन ने मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया

**मुरैना।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन की उपस्थिति में यह कार्यक्रम शासकीय कन्या हाईस्कूल मुरैना में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एके जैन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती किरन सेंगर, महेन्द्र सुरैया, अनिल प्रताप सिंह परिहार, हरीश राजौरिया, केमिस्ट चलित खाद्य प्रयोगशाला सतेन्द्र तोमर सहित स्कूली सभी छात्रायें एवं शिक्षिकायें उपस्थित थे।





जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि प्रदेश सरकार मिलावट के प्रति सचेत है, मिलावट करने वालें पर कठौर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि बिना देंखे एवं जांच खाद्य पदार्थ न खरीदें। खाद्य पदार्थ को खरीदते समय उत्पादन, तिथि एवं एक्सपायरी तिथि अवश्य देखें। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थ में मिलावट का संदेह होने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन को शिकायत करें। खाद्य पदार्थ में मिलावट पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत 2 लाख से 10 लाख रूपये तक का जुर्माना एवं 6 माह से आजीवन कारावास सजा का प्रावधान है। श्री जैन ने कहा कि बाजार से खाद्य पदार्थ को खरीदते समय अन्य बिन्दुओं पर भी विशेष ध्यान दें। बिना देंखे, परखे कोई भी सामग्री न खरीदें, विशेषकर चमकीले पदार्थ जैसे- दालें, चावल आदि न खरीदें। विशेषकर आयोडीन वाला ही नमक उपयोग में लायें। श्री जैन ने इस अवसर पर शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को दूध में मिलावट, नमक, तेल, घी, पनीर के आदि के उदाहरण सहित डेमो दिये। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्रायें यह प्रण कर लें, कि मिलावट घर में नहीं आनी चाहिये, अगर आती भी है तो उस पर स्वयं परीक्षण करें, मिलावट की वस्तुयें निकलती है, तो उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करायें। श्री जैन ने कहा कि व्यक्ति को नमक, शक्कर और तेल सीमित मात्रा में ही लेना चाहिये।

## सितम्बर अभियान में हमें जनता के बीच विकल्प लेकर जाना है: अरुण कुमार

**मुरैना।** महंगाई, बेकारी, गरीबी और भुखमरी के बारे में जनता को बताना ही काफी नहीं है, बल्कि जनता को यह भी बताना है कि इन विनाशकारी नीतियों का विकल्प क्या है? क्योंकि यह विकल्प सिर्फ वामपंथ और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के ही पास है।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के केंद्रीय सचिव मण्डल के सदस्य आर अरुण कुमार ने ग्वालियर, मुरैना, भिंड, गुना, दतिया, श्योपुर और अशोक नगर की पार्टी इकाईयों के जिला समिति सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कही। यह बैठक पार्टी की ओर से देश भर में 14 से 24 सितंबर तक चलाए जाने वाले अभियान के लिए बुलाई गई थी।



अरुण कुमार ने बढ़ती महंगाई के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि इन नीतियों से आम जनता के मुंह का निवाला छीना जा रहा है। उन्होंने केरल की वामपंथी जनवादी मोर्चे की सरकार के जन कल्याणकारी नीतियों का जिक्र करते हुए बताया कि विकल्प हमारे ही पास है। बैठक को सम्बोधित करते हुए माकपा राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने भाजपा सरकार की मनुवादी नीतियों का जिक्र करते हुए दलितों, आदिवासियों, महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचारों का जिक्र किया और कहा कि 2 अप्रैल18 के दलितों पर लगे झूठे मुकदमे वापस लिए जाने चाहिए। सभा की अध्यक्षता राज्य सचिव मण्डल के सदस्य अशोक तिवारी ने की। इस दौरान माकपा नेता रामविलास गोस्वामी, ओमप्रकाश बाथम, प्रेम नारायण माहौर, रीना शाक्य, प्रीति सिंह, रामबाबू जाटव, बी पी गणक, महेश प्रजापति, गयाराम सिंह धाकड़, मुरारीलाल धाकड़, मुरारी लाल अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए।

## धोखाधडी के आरोपी को 06 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** धोखाधडी करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी रामदीन पुत्र सियाराम धाकड, उम्र-45 वर्ष, निवासी-ग्राम चुनोटी का पुरा, तहसील कैलारस पोस्ट सेवई, जिला मुरैना म.प्र. को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 468 में 03 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 467 सहपठित धारा 471 में 02 वर्ष का सश्रम कारावास व 4 हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 417 में 01 वर्ष का सश्रम कारावास व एक हजार रूपये का अर्थदण्ड (कुल 06 वर्ष का सश्रम कारावास व कुल 10 हजार रूपये के अर्थदण्ड) से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि फरियादी कल्पना मुदगल ने थाना सिटी कोतवाली में आवेदन प्रस्तुत किया कि संस्था ''कल्पना शिक्षा प्रसार समिति' जौरा हाल मुरैना का ड्राफ्ट था जिसे संस्था को मानव संसाधन मंत्रालय दिल्ली से संस्था के नाम से भेजा गया था। किंतु उक्त ड्राफ्ट जब संस्था को नहीं मिला तो पता किया, तब पता चला कि रामदीन ने कल्पना शिक्षा प्रसार समिति के संस्था के नाम से फर्जी कागजात तैयार कर बैंक में अपने नाम से खाता खुलवाकर उसकी संस्था के नाम का ड्राफ्ट धोखाधडी से प्राप्त कर ड्राफ्ट की रकम 75 हजार अपने खाते में जमा कर निकाल ली। फरियादी के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर जांच कर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आवश्यक विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्रीमती उज्मा सुल्ताना, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी, जिला मुरैना द्वारा की गई।

## एक ही कमरे में फांसी पर लटकी मिलीं मां-बेटी

### पुलिस मामले की जांच में जुटी, परिवार जनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**मुरैना।** जिले के बागचीनी थाना अंतर्गत चेना गांव में मां और 15 साल की बेटी की लाश एक ही कमरे में फंदे पर लटकी मिली है। मायके पक्ष ने ससुरालवालों पर हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दोनों के पैर जमीन पर टिके हुए थे। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक पड़ताल में सुसाईड का मामला लग रहा है। फिलहाल ससुराल वाले फरार हैं, जिस कारण मृतिका के परिवार वाले हत्या करने की बात



कह रहे हैं। जानकारी के अनुसार मृतिका रुबी खान के भाई अकबर ने बताया कि चैना गांव निवासी इमरान खान से 18 साल पहले बहन की शादी हुई थी। वे शुरुआत से ही दहेज की मांग कर रहे थे और आये दिन प्रताड़ित करते थे। इसी बीच भांजी जोया खान का जन्म हुआ तो ऐसा लगा कि अब सब कुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अकबर और उसके माता-पिता आए दिन दहेज की मांग कर रहे थे। वे लोग अक्सर पैसे की तंगी की बात किया करते थे, जिस कारण मृतिका रूबी ने कई बार घर वालों से भी शिकायत भी की थी, लेकिन बाद में मामले को शांत करा दिया जाता था। गुरुवार की सुबह सूचना मिली तो रूबी और उनकी बेटी दोनों फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी और उनके पैर जमीन पर मिले हुए थे।

## बच्चों से भरी मैजिक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकराई, 10 घायल

**मुरैना।** गुरुवार की सुबह बागचीनी थाना क्षेत्र में चौखट्टा के पास बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही मैजिक गाड़ी ड्राइवर से अनियंत्रित हो गई और एक ट्रैक्टर से टकरा गई, जिससे दो बच्चों को गंभीर चोट आई तथा 8 बच्चे मामूली चोटिल हुए हैं। पुलिस ने सभी बच्चों की एमएलसी कराकर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह 8 बजे बागचीनी स्थित पॉपुलर स्कूल की मैजिक गाड़ी बच्चों को लेकर स्कूल छोड़ने जा रही थी। सड़क मार्ग खराब होने के कारण तेज गति से जा रही मैजिक एक घर के सामने खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई और क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे 10 बच्चे घायल हुए हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया।



## सरकारी अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को कराया निःशुल्क भोजन

**अंबाह।** उड़ान फाउंडेशन द्वारा नर सेवा नारायण सेवा अभियान के तहत अंबाह के सरकारी अस्पताल में पहुंचकर मरीजों और उनके परिजनों को भोजन उपलब्ध कराया। इसके साथ ही फाउंडेशन के सदस्यों ने नगर में निशक्तजनों, असहायजनों व गरीब बस्तियों में जाकर भी लोगों को भोजन कराया। ज्ञात रहे कि फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा नगर के समाजिक और धर्म से जुडे लोगों के सहयोग से समय समय पर गरीबों के लिए भोजन व्यवस्था की जाती है। इसी क्रम में समिति द्वारा सोमवार को श्रीमती उषा जैन पत्नी जितेंद्र कुमार जैन की पुण्य स्मति में उनके परिजनों के सहयोग से अस्पताल, निशक्तजनों, असहायजनों व गरीब बस्तियों में जाकर जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया गया। इस पुण्य कार्य में श्रीमती अर्चना जैन, मयंक गुप्ता, गिरीश गुप्ता, साकेत अग्रवाल, सचिन गुप्ता, राखी गुप्ता और गीता जगन्नाथ गुप्ता सहयोगी रही। इस मौके पर श्रीमती गीता जगन्नाथ गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद करना सभी का दायित्व है। इसलिए हमें समय-समय पर अस्पताल एवं अन्य स्थानों पर पहुंचकर सेवा कार्य करते रहना चाहिए।



## बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जौरा।** गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा के ब्लॉक अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह सिकरवार के नेतृत्व में सेकड़ों बाढ़ प्रभावित लोगों एसडीएम जौरा को ज्ञापन सोंपा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार ने बताया कि कोटा बैराज बांध से पानी छोड़े जाने एवं वर्षा होने के कारण चंबल नदी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ने से चंबल नदी क्षेत्र के गांव बिरजापुरा, वैदपुरा, होराबरा, बिलगाडा, अलीपुरा, एवं जुगुनुया पुरा, बरसेनी पुरा आदि गांव में बाढ़ का पानी भर गया, जिससे क्षेत्र के निवासियों को जान माल की बहुत हानि पहुंची तथा संपूर्ण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। प्रशासनिक अधिकारी कहीं, पहुंचे कहीं नहीं पहुंचे एवं बाढ़ पीड़ितों को पूर्ण तरह मदद नहीं मिल पा रही है। इसी को लेकर सैकड़ों की संख्या में बाढ़ पीड़ितों के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा है। श्री सिकरवार ने बताया कि प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बसे निवासियों के हित में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। बाढ़ पीड़ितों के लिए हमारी मुख्य मांग है कि बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर चिन्हित कर प्रशासन द्वारा आवास दिए जावे, जिससे कि हर वर्ष होने वाली बाढ़ आपदा से यह लोग बच सकें, बाढ़ क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों को भेजकर सर्वे कराकर मुआवजा राशि वितरण करने का प्रबंध किया जावे, बाढ़ ग्रस्त किसानों की मबेशी के लिए चारे (भूसा )की व्यवस्था की जावे, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीम को भेजकर बीमार लोगों का उपचार कराए जाए एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दवाई का छिड़काव कराया जाए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों मे नष्ट हुई फसल का सर्वे कराकर 20 हजार रुपए प्रति बीघा के हिसाब से मुआवजा दिया जावें, बीलगाड़ा गांव में बाढ़ पानी के कारण रास्ता नहीं है, रास्ता बनाने का प्रबंध किया जाए, बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के किसानों के कृषि पंप कनेक्शन पूर्ण रुप से बिजली बिल माफ किए जावे, बाढ़ के कारण हेड पंप,कुआ, बोर क्षतिग्रस्त हुए हैं ।



# करमनघाट में सजा आई माता का दरबार

## सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट का भादवी बीज महोत्सव सम्पन्न





पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा ब्यूरो चीफ

**हैदराबाद** –करमनघाट अलमासगुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर मे समाज बन्धुओं के सानिध्य मे श्री आईमाताजी के 607 वें अवतरण दिवस व छठां वार्षिकोत्सव दो दिवसीय कार्यक्रम भादवा सुदी एकम रविवार 28 अगस्त रात्रि जागरण व सोमवार 29 अगस्त को पूजा - अचर्ना व विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये ।अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा व सचिव हीरालाल सैंणचा ने संयुक्तरुप से बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओं के सानिध्य मे दो दिवसीय भादवा सुदी बीज महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया । रविवार 28 अगस्त प्रातः वेला मे श्री आईमाताजी मंदिर को विशेष फूलों व लाईटिंग से सजाकर माई का विशेष श्रृंगारकर रात्रि 9.15 बजे से जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमे दिनेशनाथ योगी एंड पार्टी धनला ने श्री आईमां के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित किया । जिसका समाज बन्धुओं ने नाचते गाते हुए 1 देर रात तक लाभ लिया । सोमवार 29 अगस्त भादवा सुदी बीज को प्रातः 9.15 बजे पुजा - अर्चना , गणेश वंदना व महाआरती के पश्चात समाज बन्धुओं ने श्री आईमाता के चरणों में श्रीफल व श्रद्धा के पुष्प अर्पितकर परिवार की सुख - समृद्धि के लिए मंगलमय कामनाए की । स्वागत कार्यक्रम के तहत अध्यक्ष महोदय द्वारा पधारे अतिथियों का सम्मान , सह - कोषाध्यक्ष उदाराम वरपा द्वारा विगत वर्ष के आय - व्यय का विवरण व सचिव हिरालाल सैणचा ने किये जा रहे विकास कार्यों से समाज को अवगत कराया । सम्बोधन भाषण मे अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा ने पधारे समाज बन्धुओं को भादवा सुदी बीज की शुभकामनाएं देते हुए समाज बन्धुओं को भरोसा दिलाया की उनके कार्यकाल मे सभी के सहयोग से समाज के विचाराधीन कार्यो को वे हर संभव पूरा करने का प्रयास करेंगे । मिडिया प्रभारी अमराराम सिन्दड़ा ने समाज मे नशा मुक्ति पर विशेष रुप से बोलते हुए बताया कि समाज बन्धुओं को इस से दूर रहते हुए युवा पीढी के संस्कारो पर विशेष ध्यान देना चाहिये । सह सचिव प्रकाश आगलेचा द्वारा समाज में सबका साथ सबका विकास के बारे में बताया गया।अवसर पर महिलाओं ने भी बीज की शुभकामना देते हुए आई माँ के चरणो मे विशेष सत्संग का कार्यक्रम प्रस्तुत किया । समाज बन्धुओं व अतिथियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी । कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाज बन्धुओं , पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सभी सदस्यों , महिला मंडल एवं युवा शक्ति का विशेष सहयोग रहा । मंच का संचालन हीरालाल सैणचा द्वारा किया गया । हंसाराम आगलेचा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन्न हुआ ।

# खेमरिया परिवार में बेटी ने लिया जन्म,धूमधाम से हुआ बेटी का गृहप्रवेश

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**दबोह**-बेटा हो या बेटी सभी एक समान है।यह बात घर मे बेटी के जन्म लेने पर एक पिता ने कही।दरअसल दबोह नगर के वार्ड नम्बर 15 निवासी श्री मिथलेश खेमरिया के घर मे नातिन के रूप में 28 अगस्त को बेटी ने जन्म लिया।जिसकी खुशी का इजहार कुछ अलग तरीके से किया गया।इस दौरान बेटी के पिता राहुल खेमरिया ने ढोल-नगाड़ों के साथ नाच गाकर बड़े ही धूमधाम से बेटी का ग्रह प्रवेश कराया।जिस दौरान उन्होंने बेटी के प्रथम प्रवेश के दौरान कपड़े पर उसके पैरो के निशान भी लिए।यहां बता दें कि राहुल खेमरिया की बेटी का जन्म 28 अगस्त 2022 को ग्वालियर के दुबे हॉस्पिटल में हुआ था जिसका 31 अगस्त 2022 को निजनिवास नगर दबोह में गृहप्रवेश हुआ।घर मे बेटी के आने पर पिता राहुल कहते है कि मैं बड़ा सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ साथ ही मुझे बहुत गर्व है कि मेरे घर मे बेटी ने जन्म लिया।इस दौरान बेटी के जन्म आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका ने भी राहुल खेमरिया के निज निवास पहुंच कर उन्हें बधाई दी।वहीं विशेष रूप से डॉक्टर हनुमान के नाम से देश भर में अपनी पहचान बनाने वाले श्री दंदरौआ सरकार महंत श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज जी ने भी फोन पर बेटी के चाचा पण्डित राघवेंद्र खेमरिया को घर मे में लक्ष्मी के आगमन पर बधाई प्रेषित की व बेटी आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटा बेटी एक समान हैं।यहां बता दें कि पण्डित राघवेंद्र खेमरिया दंदरौआ सरकार महंत श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज के परम शिष्य हैं।




# इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म के कार्यक्रम में शिवपुरी ने भी लिया भाग




अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पांसिबल टूरिज्म की टीम हैरोल्ड गॉडविन के नेतृत्व में ग्वालियर पहुंची है। इस दल में यूके, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, फ्रांस सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधि शामिल हैं। 30 अगस्त को हितधारकों के साथ एक बैठक में सभी देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए तथा मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के पदाधिकारी भी शामिल रहे। शिवपुरी की बालिकाओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। माधव नेशनल पार्क में कार्य कर रही फॉरेस्ट गार्ड में से प्रियंका चतुर्वेदी, सीमा कश्यप, संध्या बडोनिया, पूजा बाथम तथा माडना कला से वंदना शिवहरे, राजू नागर, तथा कुकिंग कला प्रशिक्षण समूह से ममता यादव, चांदनी यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे । माधव नेशनल पार्क में कार्यरत फॉरेस्ट गार्ड बालिकाओं के कार्य को इस दल के द्वारा सराहना मिली। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की परियोजना महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल के अंतर्गत शिवपुरी में कार्य कर रही संस्था रागिनी फाउंडेशन द्वारा जिन महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया है उन सभी महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा अंतरराष्ट्रीय मंच पर शिवपुरी का नाम रोशन किया। अगले दिन 31 अगस्त को इस टीम ने मितावली, पड़ावली, बटेश्वर और ग्वालियर का दौरा किया। पदमश्री अवार्ड से सम्मानित मशहूर पुरातत्व विशेषज्ञ के.के.मोहम्मद ने अतिथियों को गाइड किया जिसमे उन्होंने मितावली, पड़ावली की विशेषताओं के बारे में बताया एवं बटेश्वर के संरक्षण कार्य, उसकी मुश्किलें रुकावटें एवं कैसे संरक्षण का कार्य पूर्ण किया। उनकी संरक्षण की जानकारी एवं मंदिरों की महत्वता और सुंदरता देख विदेशी प्रतिनिधि दंग रह गए एवं जगह का आनंद उठाया।

# राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ शुभारंभ

## भदाबावड़ी गांव में महिलाओं और बालिकाओं के साथ चर्चा और सामूहिक भोज का आयोजन



अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाए जाने हेतु जिले के भदाबावड़ी गांव में आज गुरुवार पोषण माह का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में गांव के आदिवासी महिलाओं के साथ चर्चा और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी पौष्टिक भोजन के संबंध में जानकारी भी दी गई।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने गांव की सहरिया आदिवासी महिलाओं से चर्चा करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों को मिलने वाले लाभ के बारे में पूछा। इसके साथ ही उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों और पटवारी व सचिव को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान गांव में हेल्थ चेकअप और आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप भी लगाया गया। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं लेकिन हितग्राहियों के पास कार्ड नहीं है उन्हें आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए जाएं। इसके अलावा यदि गांव में चरनोई भूमि है जिसे आबादी भूमि के रूप में घोषित किया जा सकता है जिससे कि ग्रामीणों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा राशन, समग्र आईडी, मध्यान्ह भोजन आदि के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र सुंद्रियाल, एसआरएलएम के जिला प्रबंधक अरविंद भार्गव, सीएमएचओ डॉ.पवन जैन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषिस्वर सहित विकासखंड स्तरीय और स्थानीय स्तर का आमला मौजूद रहा। इस मौके पर कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों ने बच्चों के साथ सामूहिक भोज किया।

# भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा की प्रथम बैठक संपन्न हुई

## हर घर तिरंगा की तर्ज पर हरा-भरा मध्य प्रदेश वृक्षारोपण का कार्य किया जाए आकाश शर्मा





अरूण खंगार पुष्पांजली टुडे

**पोहरी**। जानकारी के अनुसार युवा मोर्चा के प्रथम बैठक रेस्ट हउस पोहरी पर की गयी जिस के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष अकाश शर्मा युवा मोर्चा उपस्थित रहे उनहोंने कहा की अपना हर घर-घर तिरंगा की तर्ज पर हरा भरा मध्य प्रदेश वृक्षों रोपण का कार्य हेतु प्रत्येक पंचायत में 10 सदस्य प्रभारी बनाए जाएं हर वार्ड में कार्यकर्ता जिम्मेदारी दी जाए सभी कार्यकर्ताओं और वार्ड प्रभारियों को विशेष कार्यक्रम पहल जिम्मेदारी दी गई एवं वार्ड प्रभारी बनाए गए भरतीय जनता पार्टी पोहरी के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# गुर्जर समाज को जो लड़ाई लड़नी चाहिए वह लड़ाई लड़ नहीं रहे वह दूसरों के बहकावे में आकर व्यर्थ का विवाद खड़ा कर रहे सुरेंद्र सिंह तोमर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर ने मिहिर भोज विवाद पर प्रेस नोट जारी कर दुख जताया साथी गुर्जर समाज को याद दिलाया कब किसने क्या कहा क्षत्रिय महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि गुर्जर समाज में अनेकों योद्धा हुए लेकिन आज गुर्जर समझ मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि गुर्जर समाज को जो लड़ाई लड़नी चाहिए वह लड़ाई लड़ नहीं रहे वह दूसरों के बहकावे में आकर व्यर्थ का विवाद खड़ा कर रहे हैं। जो तुम्हारे नहीं है तुम उन पर जोर दे रहे हो गुर्जर समाज के नेता कर्नल बैंसला जी ने भी कहा था कि मिहिर भोज हमारे नहीं हैं हम लोग पशु पालक रहे हैं। यही बात विधायक श्री तेजपाल नागर ने भी कही। गुर्जरों का भी इतिहास साहस और बलिदान से भरा पड़ा हुआ है उसको तो याद करते नहीं है जो नहीं है उनके पीछे पड़े हुए हैं।




पन्ना धाय सा अगर गुर्जर थी वैसे कई इतिहास कारो ने उन्हें खींची राजपूत लिखा उन्होने अपने पुत्र का बलिदान ट्रैकर राणा उदय सिंह को बचाया और राज परिवार को सौंप दिया यह अनुपम उदाहरण बहुत कम देखने को मिलता है। इसी प्रकार राजा मानसिंह तोमर की दूसरी पत्नी मृगनयनी गुर्जर जिन्होंने दो लड़ते हुए मैसों को अपनी ताकत से अलग अलग कर दिया उनका साहस उनकी ताकत हर किसी में नहीं थी यह दोनों महिलाएं झांसी की रानी झलकारी बाई अवंती बाई से कम नहीं थी।: पन्ना धाय मां मृगनयनी की जगह जगह मूर्ति लगवाने की अगर गुर्जर समाज के बात करते तो लोगों में एक. अच्छा संदेश जाता और उनसे प्रेरणा मिलती। हम लोग हर साल बादल गढ़ गुजरी महल पर कार्यक्रम करते हैं आज भी ग्वालियर दुर्ग में मृगनयनी के नाम पर गुजरी महल बना है एक बार वहाँ भी हो आया करो।। अगर इन दोनों की मूर्ति लगवाने में सक्षम नहीं हो तो हम लगवा देंगे। हम लोगों ने जिस समय महाराजा मानसिंह तोमर की प्रतिमा स्थापना पर मृगनयनी के गाँव राई से उनके वंशज को आमंत्रित किया वो आए भी थे। यह है सामाजिक समरसता है। गुजरी महल पर भी साल में एक बार जाकर मगन्यनी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते तो समझ में आता आप लोग अपने इतिहास को संरक्षित करना चाहते हो। सामाजिक समरसता बनाए रखें यही हमारी सभी से अपील है। इन लोगों की लड़ाई भारत सरकार से होनी चाहिए जिन्होंने इन्हें पशु पालक मानते हुए पिछड़े वर्ग में रखा है यदि यह सम्राट या राजा परिवार से आते तो इनको पिछड़े वर्ग में नहीं रखा जाता यह भारत सरकार अच्छी तरह जानती है इनके इसी पिछड़ेपन के कारण इनको पिछड़ा वर्ग में रखकर लाभ दिया जा रहा है यदि यह अपने आप को पिछड़ा वर्ग ना मानकर सम्बाट परिवार से मानते हैं तो इनको मांग करनी चाहिए हमको पिछड़ा वर्ग से हटाकर सामान्य वर्ग मै किया जाए और पिछड़ा वर्ग का जो लाभ मिल रहा है वह बंद किया जाए।

# नगर के भाण्डेर रोड़ रघुवंश नगर में स्थित नागर हाउस पर पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।






संदीप प्रधान दैनिक पुष्पांजली टुडे

**दतिया** उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री सौरभ कुमार जी ,बिशेष अतिथि महेन्द्र नाथ सिंह प्रांतीय महामंत्री, एवं छोटे लाल प्रदेश कोषाध्यक्ष, वीरभद्र सिंह मंण्डल अध्यक्ष आजमगढ़, हौसला प्रसाद त्रिपाठी , सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी, देवेंद्र नाथ मिश्रा जिला अध्यक्ष मिर्जापुर, लल्लन गुप्ता प्रदेश फोटो ग्राफर, डॉ बिनय कुमार संस्थापक सदस्य, राजेन्द्र गुप्ता बलिया, राजेश अग्रहरि, अध्यक्ष विध्यांचल, देवेंद्र नाथ मिश्र जिला अध्यक्ष मिर्जापुर, प्रवीण कुमार सिंह मंडल संगठन मंत्री आजमगढ़ ,धर्मेंद्र सिंह तहसील अध्यक्ष बुढ़नपुर ,उमेश सिंह तहसील उपाध्यक्ष बुढ़नपुर, आजमगढ़, मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ, लोकेंद्र सिंह नागर ने की। मंचासीन सभी अतिथि जनों का माल्यार्पण स्मृति चिन्ह एवं शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया उक्त अवसर पर दतिया के सम्मानीय पत्रकार बंधु मनोज गोस्वामी पत्रकार मनोहर लाल कुशवाहा पत्रकार संतोष तिवारी पत्रकार राकेश गोस्वामी पत्रकार संदीप प्रधान पत्रकार आनंद कुमार पत्रकार राहुल पाठक पत्रकार का माल्यार्पण स्मृति चिन्ह एवं साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया महेंद्र पाल सिंह नागर रामकंकन सिंह गुर्जर देवयुक्त गुर्जर हर्षित खरे नित्य युक्त गुर्जर उत्तम सिंह कमरिया अजय दुबे दीपक बेलपत्री महाप्रसाद सिंह गुर्जर रामकिंकर सिंह गुर्जर प्रदीप गुर्जर विनोद गुर्जर टिंकू श्रीवास्तव बबलू यादव आशुतोष शर्मा रामू गुर्जर अमित मावई भैया दुबे सोनू यादव तरंग उदैनिया दीपू दुबे अभी गुर्जर नरेंद्र कुशवाहा अर्जुन यादव एवं अन्य सभी ने सम्मान किया

# मध्य प्रदेश पेंशनर एसोसिएशन द्वारा ने की पत्रकार वार्ता



अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-पेंशन एसोसिएशन मध्य प्रदेश भोपाल पेंशनर एसोसिएशन द्वारा जिला शिवपुरी में पत्रकार वार्ता की जिसके अंतर्गत जिला अध्यक्ष शिवपुरी श्रीमान आरएस नरवरिया जी जिला उपाध्यक्ष श्रीमान मांगीलाल ओझा जी, कैलाश नरवरिया जी,ओम प्रकाश जी,राम प्रकाश सक्सेना जी, हरप्रसाद राजे जी, तीतरों लाल यादव जी, प्रीतम सिंह राजे जी, सत्यनारायण कटियार जी ने प्रेस वार्ता की जिसमें जिलाध्यक्ष नरवरिया जी ने बताया कि राज्य सरकार के कर्मचारी के बराबर महंगाई भत्ता सरकार नहीं दे रही है जितना मिलना चाहिए उतना नहीं मिलता शासकीय कर्मचारियों को मिलता है उनसे 12 परसेंट कम मिल रहा है तथा महंगाई को देखते हुए उनकी पेंशन को बढ़ाया जाना चाहिए एवं उन्होंने मांगों को उठाया तथा उन्होंने बताया कि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया तो हम 5 सितंबर को तात्या टोपे पर पूरी टीम एसोसिएशन द्वारा तात्या टोपे जी को माला अर्पित की जाएगी तथा 9 सितंबर को कलेक्ट्रेट के पास स्थानीय निर्वाचन कार्यालय के पास टेंट लगाकर सुंदरकांड एवं हवन किया जाएगा जिला अध्यक्ष जी ने बताया कि सरकार को सद्बुद्धि दे भगवान कथा राज्य सरकार द्वारा पेंशन अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है

# बाढ़ पीड़ितों के नुकसान की पाई पाई दिलाने सड़कों पर उतरेगी समाजवादी पार्टी

### बाढ़ पीड़ितों का छलका दर्द, सिंधिया के निर्देशों का नहीं हुआ पालन

### सपा नेताओं ने किया बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** अटेर क्षेत्र में चंबल नदी में आई भीषण बाढ़ का पानी उतर जाने के बाद बुधवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अटेर मुकुटपुरा नावली वृंदावन गांव के बाढ़ से प्रभावित हुए पीड़ित परिवारों के घर घर जाकर बाढ़ से हुई तबाही का जायजा लिया। बाढ़ की विभीषिका की मार झेल रहे अधिकतर ग्रामीण जनों ने बताया के उनके घरों में रखा सारा अनाज पशुओं का भूसा एवं घर गृहस्थी का सारा सामान नष्ट हो चुका है प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई मदद नहीं मिली है समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष नीरज यादव ने पीड़ितों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी आफत की इस घड़ी में आप लोगों के साथ है तथा





आपकी हर पीड़ा को शासन प्रशासन तक पहुंचाने एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम करेगी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव बीके बोहरे ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा 27 अगस्त के अपने सूक्ष्म दौरे के दौरान बाढ़ पीड़ितों की मदद हेतु चार भागों की कार्य योजना कलेक्टर महोदय को नोट कराई गई थी जिसके प्रथम भाग में पीड़ितों के भरण पोषण हेतु खाद्य सामग्री एवं पशुओं के लिए चारा पानी आदि का बन्दोबस्त दो दिन की तय समय सीमा अंतर्गत सभी पीड़ितों को उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे परंतु बड़े ही अफसोस की बात है कि 5 दिन व्यतीत होने के बाद भी प्रशासन द्वारा केंद्रीय मंत्री की प्रथम भाग की कार्य योजना पर अमल नहीं किया गया है जिस कारण पीड़ितों में भारी आक्रोश व्याप्त है बोहरे ने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि अगर बाढ़ आपदाग्रस्त ग्रामीणों के साथ नाइंसाफी हुई तो समाजवादी पार्टी सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगी। इस अवसर पर देवराज यादव मनीष यादव मुकेश पुरवंशी आशीष यादव राधामोहन यादव नागेंद्र भदोरिया अंशु यादव सत्येंद्र यादव अनिल यादव आलोक प्रताप यादव हरिमोहन यादव रामबरन यादव वीरेंद्र यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महेंद्र मुणोत ने रिद्धी सिद्धि गणपति की पूजा-अर्चना



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** :-विघ्न विनायक भक्त मंडली एमसी लेआउट द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने रिद्धि सिद्धि दायक गणपति की पूजा अर्चना कर अपने संबोधन में कहा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेश चतुर्थी पर्व के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के समय भारतीयों को संगठित कर स्वाभिमान को जगाया है ।

### त्योहारों के चलते हुई शांति समिति बैठक आयोजित



गोहद गणेश चतुर्थी सहित आने वाले त्योहारों को लेकर गुरुवार को गोहद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रुप से थाना प्रभारी राजेश सातनकर भगवान श्री गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले सभी भक्तों को निर्देशित किया की रात 10:00 बजे के बाद कोई लाउडस्पीकर नहीं बजाएगा गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन के दिन कोई भी अपने साथ नदी तालाब पर बच्चों को नहीं ले जाएंगे नगर में कितनी जगह ताल हैं जहां गणेश प्रतिमा विसर्जन होता है उन्हें चिन्हित कर पुलिस बल लगाया जाएगा अपील करते हुए कहा कि आज श्री भगवान गणेश जी की प्रतिमा नगर में विराजमान हो रही है इसकी सूचना और थाने में दे दें जिससे कि आप की प्रतिमा पंडाल की सुरक्षा हेतु पुलिस बल आप की झांकी पर पहुंचाकर आपकी एवं नगर की सुरक्षा में पुलिस प्रशासन आपका सहयोग कर सकें इस मौके पर नगर पालिका के अधिकारी पार्षद गण समाज के सम्मानीय लोग पत्रकार बंधु मौजूद रहे वहीं दो सितंबर को मोरछट एवं तीन सितंबर को राधाष्टमी जुलूस में शांति व्यवस्था रखने हेतु लोगों से अपील की

## नगर परिषद की बैठक संपन्नः मंडी टेकरी में होगी बसों के पार्किंग की व्यवस्था

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** लांजी नगर परिषद में 1 सिंतबर को दोपहर 1 बजे नगर परिषद सभा कक्ष में अध्यक्ष श्रीमती रेखा तारांचद कालबेले एवं उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर सहित पार्षद गणों की उपस्थिती में बस ऑपरेटर्स एवं एजेंटो की बैठक बसों की पार्किंग तथा नगर परिषद के अन्य विषयों को लेकर चर्चा की गई।



### रोजाना लग रहा जाम, मंडई टेकरी में खड़ी कर समय पर आये बस स्टैण्ड

बैठक में कुछ प्रमुख मुद्दों के पूर्व बसों की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई जंहा नगर की यातायात समस्या को दृष्टिगत रखते हुए, बस स्टैण्ड लांजी में अपने समय के पहले खड़ी होने वाली बसों को वार्ड क्रमांक 05 मंडई टेकरी में अस्थाई वाहन पार्किंग किये जाने हेतु निर्णय लिया गया एवं अपने समय के आधा घण्टे पूर्व बसों को बस स्टैण्ड लाकर खड़े करने व सवारी लेकर अपने गन्तव्य स्थान को प्रस्थान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं जिससें आम जन को होने वाली असुविधा एवं यातायात समस्या तथा अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सकें। बैठक के पश्चात् अध्यक्ष महोदय, उपाध्यक्ष एवं उपस्थित पार्षदगणों द्वारा बस स्टैण्ड लांजी का निरीक्षण किया गया एवं मौका स्थल पर वाहन मालिकों एवं एजेन्टो को यातायात के संबंध में होने वाली समस्या के संबंध में समझाईश देकर नगर के सुगम यातायात व्यवस्था बनाये जाने के लिए सहयोग की अपील की गई। उक्त बैठक पार्षद संजय सय्याम, श्रीमती शिखा गोस्वामी, किशोर रामटेक्कर, विजय गोस्वामी, दिनेश कचवाहे ,श्रीमती कस्तुरा वाकडे पार्षद एसकुमार्स सर्विस के ओनर कपिल अग्रवाल, बस एजेन्ट में सज्जु मिश्रा, टिंकु ठाकुर, गिरीश कुमार सेन, मो. फि रोज, अमित पाण्डे, तरूण किरनापुरे एवं कार्यालय नगर परिषद लांजी राजस्व शाखा के कर्मचारी में विनोद रहमतकर राजस्व शाखा प्रभारी, संजय भण्डारकर, शैलेन्द्र दुरूगकर, शैलेन्द्र पाण्डे, नाथुराम रणदिवें, कैलाश भण्डारकर आकाश महोबिया के द्वारा बैठक कार्यवाही में सहयोग देते हुए सहभागिता प्रदान कर, बैठक सम्पन्न की गई।

## पिछोर के लभेडा ग्राम में हुआ राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का आयोजन

**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** पिछोर भारत सरकार द्वारा माह सितम्बर 2022 को ÷राष्ट्रीय पोषण माह÷ के रूप में मनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। पोषण जन-आन्दोलन की गति को बनाये रखने हेतु इस वर्ष भी 01 से 30 सितम्बर 2022 तक राष्ट्रीय पोषण माह आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय पोषण माह 2022 के चार बेसिक थीम यथा महिला एवं स्वास्थ्य, बच्चा व शिक्षा-पोषण भी पढ़ाई भी, लैंगिक संवेदनशीलता के साथ जल संरक्षण व प्रबन्धन एवं आदिवासी क्षेत्र में महिलाओं व बच्चों के लिए पारंपरिक खान-पान निर्धारित किये गए हैं।। इसी को लेकर गुरुवार को पिछोर के ग्राम लभेडा में महिला बालविकास के परियोजना अधिकारी अरविंद तिवारी,सहित टीम के अन्य लोगों ने राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।






### ब्लॉक के कई ग्रामों में किया सहजन व फलदार पौधों का पौधरोपण

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देशानुसार पिछोर ब्लॉक कई ग्रामों में पोषण वाटिका के तहत सहजन व फलदार वृक्ष लगाकर पौधरोपण किया गया,साथ ही लभेडा ग्राम में बच्चों को केले भी वितरित किये गए।

### ग्रामीणों के बीच पोषण के दिए महत्व

परियोजना अधिकारी श्री तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी ग्रामीणों के बीच पोषण के महत्व का है। आवश्यकता को इंगित करते हुए आम लोगों को पारंपरिक खान-पान के माध्यम से कुपोषण के दुष्प्रभाव से मुक्त करना है। इस वर्ष के पोषण माह में लोगों की भागीदारी अधिक से अधिक सुनिश्चित करने के लिए पोषण पंचायत को क्रियाशील बनाया जाना है।

## शिवपुरी कलेक्टर द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ शुभारंभ





**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** भदाबावड़ी गांव में महिलाओं और बालिकाओं के साथ चर्चा और सामूहिक भोज का आयोजन शिवपुरी, 1 सितम्बर 2022/ सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाए जाने हेतु जिले के भदाबावड़ी गांव में आज गुरुवार पोषण माह का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में गांव के आदिवासी महिलाओं के साथ चर्चा और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी पौष्टिक भोजन के संबंध में जानकारी भी दी गई। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने गांव की सहरिया आदिवासी महिलाओं से चर्चा करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों को मिलने वाले लाभ के बारे में पूछा। इसके साथ ही उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों और पटवारी व सचिव को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान गांव में हेल्थ चेकअप और आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप भी लगाया गया। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं लेकिन हितग्राहियों के पास कार्ड नहीं है उन्हें आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए जाएं। इसके अलावा यदि गांव में चरनोई भूमि है जिसे आबादी भूमि के रूप में घोषित किया जा सकता है जिससे कि ग्रामीणों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा राशन, समग्र आईडी, मध्यान्ह भोजन आदि के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र सुंद्रियाल, एसआरएलएम के जिला प्रबंधक अरविंद भार्गव, सीएमएचओ डॉ.पवन जैन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषिस्वर सहित विकासखंड स्तरीय और स्थानीय स्तर का आमला मौजूद रहा। इस मौके पर कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों ने बच्चों के साथ सामूहिक भोज किया और अंत में ग्रामीण महिलाओं को सहजन के पौधा वितरित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए कहा

## कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट लांजी।** नगर के आशीर्वाद मंगल भवन कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन एवं नवनिर्वाचित पंच सरपंच जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों का स्वागत समारोह 1 सितंबर को विधायक हिना कावरे की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी ओंकार लाल आसटकर, देवेंद्र खोंगल पूर्व जनपद अध्यक्ष , अर्चना रेवेन्द्र खोंगल जनपद अध्यक्ष लांजी , अजय अवसरे उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी , मीना सुधीर दशरिया जिला पंचायत सदस्य, मनीषा रविंद्र धारणे पूर्व जिला पंचायत सदस्य ( अध्यक्ष महिला ब्लाक कांग्रेस कमेटी) ममता प्रविण दुबे अध्यक्ष महिला नगर कांग्रेस कमेटी, अफसाना सिद्दीक अंसारी जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी बालाघाट, मोनू सौरभ पसीने , मुकेश रणदिवे, पूनम शरद आसटकर कल्पना डोलस तेजेश्वरी गोदूले पार्षद आदि मंचासीन थे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का साल श्रीफल भेंट देखकर सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता सुश्री हिना कावरे ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम आपके सामने हैं नगर परिषद को छोड़कर अधिकांश पदों पर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने अपना कब्जा बरकरार रखा है। राजनीतिक विश्वास का दूसरा नाम है यह विश्वास आगे भी बना रहे। पार्टी में ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं को आगे लाकर जिम्मेदारी सौंपी जो हमेशा तत्पर रहते हैं। भाषण के दौरान सुश्री कावरे ने मिशन 2023 के लिए तैयारी करने के टिप्स इशारों से दिए। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रमोद अग्रवाल एवं आभार पुनम शरद आसटकर ने किया।

### इनका हुआ सम्मान

नवनिर्वाचित जनपद सदस्य, पार्षद तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में अर्चना रेवेन्द्र खोंगल, अजय अवसरे, गोवर्धन घोरमारे, टुम्मन घोरमारे, चित्रलेखा भोयर, नर्मदा मर्सकोले, सुरेश नारनौरे, दिनेश लाड़े, श्यामलाल बेदरे, कविता मातरे, महेश चौधरी, योगेन्द्र मिश्रा, अमिर अली बंदेली, सुरेन्द्र बडघैया, प्रविण दुबे, आशिफ बेग, सिद्दीक अंसारी, चन्द्रकिशोर किरनापुरे, लिखेन्द्र उपराडे, मनिषा रविन्द्र धारणे, मनिषा सिरामे, मोनू सौरभ पसीने, मुकेश रणदिवे, कल्पना डोलस, तेजेश्वरी गोधुले, अनमोल तिड़के, रेखा पसीने, मनिष जुझार आदि लोगों का सम्मान किया गया।

### कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

कार्यकर्ता सम्मेलन में सुनिता डिलेश्वर बसेना , ईश्वर डहारे, अशोक मलघाम, रजुला मलघाम, डा बसंत निर्मलकर, श्यामलाल भलावे, राजकुमार लिल्हारे, महेंद्र बोरकर एवं सोनम को विधायक हिना कावरे के द्वारा गमछा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई।

# मुरैना एसपी आशुतोश बागरी के कडें निर्देश लापरवाही पर कार्रवाई के लिए रहें तैयार...

### ऐसा माहौल बनाएं कि अपराधियों में हो खौफ और जनता के दिल में सम्मान हो पुलिस के प्रति...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना...** मुरैना पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने चुनाव प्रक्रिया निवटने के बाद एक प्रेस बार्ता समीक्षा बैठक में अधिकारियों को चेताया है कि लापरवाही पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।ऐसा माहौल बनाएं की अपराधियों में खौफ हो और पुलिस के प्रति जनता के दिल में प्यार। बेसिक पुलिसिंग में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के सख्त निर्देश देते हुए उन्होंने अधिकारियों से कहा चुनाव के दौरान अपराधियो पर जिस प्रकार कारबाही की जिसका परिणाम बहुत अच्छा रहा है वही होना चाहिये अब आपको लंबित प्रकरणों का निराकरण अभियान चलाकर पैन्डैसी घटानी है साथ ही जिले मे जेएसआईओ की लापरवाही साफ दिख रही है सतर्क होजाये सभी आईओ ( बीट प्रभारियो ) को शक्त निर्देश देता हू कि अपनी अपनी बीट में जुआ शराव लडाई झगडो की जानकारी करते रहना है और ग्रामीण क्षैत्रो मे घूमना अति आबश्यक है मुरैना जिले मे जिन जेएसआई की परफौन्स अच्छी नही है और काम मे लापरबाही कर रहै है वो सतर्क होजाये लाइन मे उनका



स्वागत है तैयार रहै और अच्छा परफौन्स मिलने पर प्रभारी जिम्मेदारी निश्चित समझे

जिले व तहसीलो में लंबित अपराधों तथा महिला एवं बच्चों संबंधी अपराधों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों में कड़ी आपत्ति जताते हुए लंबित अपराध, लंबित चालान, लंबित मर्ग के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए उनकी शिकायत रिपोर्ट पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि अपराध घटित होने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंचे।आम जनता का पुलिस के प्रति विश्वास तथा अपराधियों में पुलिस का खौफ हो प्रत्येक दिशा में अच्छा कार्य कर जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास को बढ़ाना है बरषात में किसानी का सीजन रहता है अक्सर देखा गया है जुताई का यही सीजन है खेत की मेड व (क्यारी) को लेकर झगडे इतने बढ जाते है कि मर्डर तक होजाते है ऐसे मेड सम्बधित आवेदन मिलते ही अपराधिक रिकॉर्ड देखकर कारबाही सुनिश्चित करे अगर थाने में फरियादी आता है तो दौना पक्षो को सुनकर कारबाही करे नोकरी बाला व लायसेन्सी हथियार संम्बधित एफआईआर को बारीकी से जॉच कर कायमी करे असत्यता पाई गई तो थाना प्रभारी जरूर नपेगे ध्यान रखे और हम जानकारी मॉगे तो सत्य बताये नही तो पहले नूराबाद का नजरिया आपने देख ही चुके है लाइन अटेच ही कर दिये जाओगे सामुदायिक पुलिसिंग को और भी बेहतर करना है।पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना है जिसके प्रति पुलिस अधिकारी, कर्मचारी को समर्पण भाव से करना है। थाना, चौकी के फरार आरोपितो की अविलंब गिरफ्तारी समय से पूर्व विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया।एसपी ने कहा कि फरियादियों द्वारा अपनी शिकायत लेकर थाना, चौकी, एसडीओपी कार्यालय व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आने पर उनके साथ शालीन एवं मर्यादित व्यवहार करने एवं उनकी शिकायत आवेदन पर वैधानिक, उचित कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का निराकरण समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें, लापरवाही पाए जाने पर दंडित करने की चेतावनी दी जायेगी पुलिस अधीक्षक द्वारा जन सुनबाही से प्राप्त शिकायतो का सात दिवस के भीतर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने हेतु जनसुनबाही कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

जनसुन बाही में प्राप्त शिकायतों का निराकरण समयावधि के भीतर करें। समयावधि में जांच प्रतिवेदन नही भेजने पर बिना स्पस्टीकरण लिए दंडात्मक कार्यवाही करने कहा गया है। सायबर से संबंधित मामलों में सतकर्ता बरतने तथा थाना,चौकी क्षेत्र के लोगों को सतर्क रखने एवं गुम बालक- बालिकाओं के प्रकरणों में तत्काल टीम गठित कर खोजबीन करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए जाते है।उन्होंने थाना, चौकी प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में पुलिसिंग व्यवस्था में कसावट लाने तथा एसडीओपी व थाना चौकी प्रभारी अपने- अपने क्षेत्र में शाम के बाद गश्त पर निकले तथा पेट्रोलिंग नियमित करें। बैंक, एटीएम चेक करें संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया

# शहर में तेजी से करें विकास कार्यः महापौर डॉ शोभा सिंह सिकरवार

### मेयर इन काउंसिल की बैठक में लिए गए शहर विकास के अनेक निर्णय

ग्वालियर। शहर विकास को गति प्रदान करने के लिए आज गुरुवार को मेयर इन काउंसिल की पहली बैठक महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में मेयर इन काउंसिल के सदस्य श्री अवधेश कौरव, श्री सुरेश सिंह सोलंकी, श्रीमती सुनीता अरूणेश कुशवाह, श्रीमती आशा सुरेन्द्र चैहान, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, श्री मुकुल गुप्ता, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, अधीक्षण यंत्री जलकार्य श्री आरएलएस मौर्य, अधीक्षण यंत्री जनकार्य श्री जेपी पारा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बालभवन के टीएलसी में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना के द्वतीय चरण के अन्तर्गत 04 स्थानों पर डामरीकरण कार्य हेतु लागत राशि रुपये 1494.01 लाख की प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही राजपायगा रोड स्थित निगम स्वामित्व की सम्पत्ति पुराना क्षेत्रीय कार्यालय निगम भवन हेतु प्राप्त सर्वाधिक बोलीकर्ता श्रीमती शालिनी बंसल की राशि रुपये 49,22,000/- की प्राप्त हुई, जो निगम द्वारा उक्त सम्पत्ति हेतु निर्धारित राशि रुपये 40,16,250/- से राशि रुपये 9,05,750/- अधिक होने से 30 वर्ष की अवधि हेतु आबंटन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

पड़ाव स्थित निगम स्वामित्व की सम्पत्ति निगम भवन हेतु प्राप्त सर्वाधिक बोलीकर्ता मैसर्स एच. के.एस. डव्लपर्स प्रो. श्रीमती खुशी बंसल, श्रीमती हेमलता बंसल, श्रीमती शिल्पी चैधरी की राशि रुपये 2,90,25,000/- की प्राप्त हुई, जो निगम द्वारा उक्त सम्पत्ति हेतु निर्धारित राशि रुपये 2,40,96,000/- से राशि रुपये 49,29,000/- अधिक होने से 30 वर्ष की अवधि आबंटन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

राजस्व विभाग के विभिन्न ठेके भूसा, करब, रेता, पत्थर, ईंट, गिट्टी, जीरा, खाका, फर्सी, बाजार हाट वसूली (थाटीपुर, ग्वालियर, मुरार, लश्कर) एवं अन्तर्राज्यीय बस स्टेण्ड पर



बसों से अनुरक्षण शुल्क के ठेकों के सम्बन्ध में निगमायुक्त के प्रतिवेदन को स्वीकृत किया गया। इसके साथ ही नगर निगम सीमा में संचालित सिनेमाघरों में निगम द्वारा शो-टेक्स (प्रदर्शन कर) शुल्क रुपये 50/- से बढ़ाकर रुपये 100 /- तथा प्रदर्शनकर की पुनरीक्षित दरें तथा समय-समय पर शहर में लगने वाले सर्कस तथा जादूगर शो पर भी सिनेमाघरों की निर्धारित प्रदर्शन कर की प्रस्तावित दर रुपये 100 /- प्रति शो निर्धारित करने की स्वीकृति चर्चा उपरांत प्रदान की गई।

स्टेट डिजास्टर मिटीगेशन फंड एसडीएमएफ मद के अन्तर्गत वर्षा ऋतु में चेतकपुरी रोड पर बाढ़ की स्थिति के निराकरण हेतु कुलदीप नर्सरी के पास, चेतकपुरी, महल रोड से माधव नगर गेट से बसंत बिहार रोड होते हुए मानस भवन के पीछे, फूलबाग तक आर.सी.सी. पाइप का नाला निर्माण (लम्बाई 2780 मीटर) की संशोधित कार्ययोजना राशि रुपये 1761.80 लाख की प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति को लेकर निगमायुक्त के प्रतिवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना ईडब्ल्यूएस मलिन बस्ती अन्तर्गत नगर निगम ग्वालियर द्वारा निर्माणाधीन 1200 आवासीय इकाई के आबंटन हेतु संलग्न सूची अनुसार पात्र 1085 हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन किया गया। वहीं राजीव आवास योजनान्तर्गत 35 रिक्त आवासीय इकाइयों के विरुद्ध पूर्व पंजीकृत हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से प्रदाय करने से पूर्व हितग्राहियों की संलग्न सूची अनुसार 25 हितग्राहियों की सूची के अनुमोदन करने के साथ ही इस संबंध में मिल रहीं शिकायतों की जांच कराकर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना ईडब्ल्यूएस नॉन स्लम अन्तर्गत संलग्न सूची अनुसार 276 पात्र हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन किया गया।

इसके साथ ही दिनांक 18.08.2022 को सिटी सेन्टर स्थित निगम प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में शहर के विकास कार्यों को लेकर आयोजित की गई बैठक में दिए गए निर्देशानुसार किए गए पालन प्रतिवेदन की जानकारी दी गई। अमृत परियोजना, जलप्रदाय प्रोजैक्ट - 02 के अनुबंध क्रमांक 932 दिनांक 23.09.2017 के प्रावधानों के अन्तर्गत मैसर्स विष्णु प्रकाश आर. पुंगलिया लिमिटेड को अनुबंध के सम्बन्ध में जारी आदेश पर चर्चा की गई। इसके साथ ही अमृत योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रजेन्टेशन के माध्यम से दी गई।

# ग्वालियर में महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा

**दुकानदार से विवाद के बाद नाराज महिला ने फेंके बर्तन**

ग्वालियर । ग्वालियर में बर्तन कारोबारी और एक महिला ग्राहक के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। जहा दुकानदार ने ग्राहक महिला से अभद्रता करते हुए हाथापाई कर दी। जिससे महिला नाराज हो गई और उसने बर्तन की दुकान के बाहर रखें बर्तनों को लात मारकर गिरा दिया। इतना ही नहीं महिला ग्राहक ने हाथों से बर्तन फेंकना शुरू कर दिया। वही महिला और दुकानदार में हो रहे विवाद का वीडियो वहां खड़े कुछ लोगों ने अपने मोबाइल से बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

**यह है पूरा मामला**

महिला और दुकानदार में हुए विवाद का यह वायरल वीडियो ग्वालियर के कोतवाली थाना क्षेत्र के पारस जी के बाड़े में स्थित बर्तन की दुकान के मालिक टाउरामचंद्र गिदवान और महिला ग्राहक के बीच का बताया जा रहा है। पता चला है कि महिला ग्राहक बर्तन की दुकान से कुछ बर्तन खरीद कर ले गई थी। लेकिन पसंद ना आने पर वह उन्हें वापस करने आई थी लेकिन दुकानदार बर्तन वापस करने से मना कर रहा था। इसी बात को लेकर महिला व दुकानदार के बीच विवाद हो गया। छोटी सी बहस से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दुकानदार ने महिला ग्राहक से अभद्रता करते हुए हाथापाई कर दी। हाथापाई करने से महिला इतनी आक्रोशित हो गई कि उसने दुकान के बाहर रख के बर्तनों में लात मारकर बर्तन फेंकना शुरू कर दिए। वही आसपास के दुकानदारों ने नाराज महिला को समझा-बुझाकर शांत कराया इसके बाद महिला वहां से चली गई। यह वाइरल वीडियो बीती रात का बताया जा रहा है।

# सूर्य षष्ठी, छठ और संतान सप्तमी व्रत आज

### होगी सूर्य पूजा सिराये जाएंगे मौर, कुछ लोग कल भी मनाएंगे संतान सातें

### भाद्रपद मांस शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर मौर छठ व्रत किया जाएगा



ग्वालियर। बालाजी धाम काली माता मंदिर के ज्योतिषाचार्य डॉ. सतीश सोनी के अनुसार भविष्य पुराण में भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि का विशेष महत्व होता है। इस दिन गंगा स्नान, सूर्य उपासना जप एवं व्रत किया जाता है। और जिन लोगों की कुंडली में सूर्य ग्रह अशुभ हो उन्हें आज के दिन सूर्य के उपाय करने से लाभ मिलता है। इसके साथ ही ऐसे परिवार जहां इस वर्ष जिन लड़के लड़कियों की शादी संपन्न हुई है। उस परिवार के सदस्य दूल्हा दुल्हन के मौर, मौरिया का विसर्जन तालाबों पर करने की परंपरा निभाई जाती है। आज षष्ठी तिथि दोपहर 1ः38 तक रहेगी। उसके बाद सप्तमी तिथि प्रारंभ होकर 3 सितंबर शनिवार दोपहर 12ः25 तक समाप्त होगी। इसलिए मोर छठ के साथ संतान प्राप्ति तथा संतान की खुशहाली के लिए और समृद्धि के आशीर्वाद के लिए महिलाएं संतान सप्तमी का व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करेंगी। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, आड़ल योग, विड़ालयोग रहेगा। सप्तमी तिथि 3 दिसंबर सूर्योदय से लेकर दोपहर 12ः 25 तक रहने से कई लोगों में उदयत्तिथि के महत्व को ध्यान में रखते हुए संतान सप्तमी 3 सितंबर को भी मनाई जाएगी।लेकिन इस दिन पूजा दोपहर 12:25 के पहले ही समाप्त कर लेनी चाहिए।

### सूर्य पूजन से मिलेगा। लाभ

जिन जातकों की कुंडली में सूर्य नीच का है। अथवा अशुभ स्थिति में है। सूर्य के साथ राहु बैठा है। या दृष्टिगत हो तो सूर्य उपासना करने से लाभ मिलता है। वही सूर्य षष्टि के व्रत करने से नैत्रों के रोगों के साथ एलर्जी जैसे रोग भी दूर होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वृद्ध का शव पहाड़ी पर पड़ा मिला

**ग्वालियर में मंदिर दर्शन करने निकला था, फिर नहीं लौटा**



ग्वालियर । ग्वालियर के माधव गंज थाना क्षेत्र के गुढा-गुढ़ी के नाका पर स्थित डांग वाले बाबा की पहाड़ी पर प्रीतम कॉलोनी में रहने वाले वृद्ध का शव मिला है। खास है कि बुजुर्ग के अधोवस्त्र गायब हैं, जबकि ऊपर वह कुर्ता पहने दिख रहे हैं। परिवारवालों के मुताबिक बालकृष्ण गौतम बुधवार सुबह 5 बजे अचलेश्वर महादेव मंदिर और सनातन धर्म दर्शन करने के लिए निकले थे। रात तक लौटकर नहीं आए, तो परिवार के लोगों ने गुमशुदगी इंदरगंज थाने में दर्ज कराई थी।

**जेब में मिले 250 रुपए**

बता दें कि जब मृतक बुजुर्ग का बेटा संजीव गौतम पिता को ढूंढ रहा था, तभी उसे किसी ने बताया कि पहाड़ी पर झाड़ियों के बीच वृद्ध की लाश पड़ी है। उसकी पहचान बालकृष्ण गौतम के रूप में हुई। बेटे ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। थाने के टीआई और सीएसपी समेत पुलिस बल मौके पर जा पहुंचा। यहां पुलिस ने लाश को बरामद कर पीएम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है। जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**जांच में जुटी पुलिस**

वृद्ध की मौत किन कारणों से हुई है, इसका खुलासा नहीं हो सका है। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। आसपास के क्षेत्र में नशेड़ी लोगों का जमावड़ा रहता है। आशंका है कि वृद्ध की लूटपाट के इरादे से हत्या की होगी। मृतक के शरीर पर कुर्ते के अलावा हाथ में घड़ी जेब में 250 नगद पुलिस को मिले हैं। वहीं, वृद्ध के मुंह से खून निकल रहा था। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण पता चल सकेगा।

### 93 वां श्रीरामलीला समारोह 8 अक्टूवर से

**जानकीवल्लभ पाठक बने अध्यक्ष**

भितरवार।अजयभारत न्यूज

जनता श्री कृष्ण कला पथक मंडल की बैठक का आयोजन दियादाह स्थित श्री बैकुंठधाम में किया गया। जिसमें आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित हुए बैठक में तय किया गया की इस वार भी हर वर्ष की भांति श्री रामलीला का भव्य मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा भव्यता के साथ किया जाएगा। इसके लिए श्री कृष्ण जनता कला पथक मंडल के अध्यक्ष के रूप में जानकीवल्लभ पाठक को चुना गया। 93 वां श्रीराम लीला समारोह 8 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। बैठक में राकेश पाराशर, महेशचंद्र अग्रवाल,चन्दन सिंह यादव,शिवप्रताप सिंह यादव सुनील यादब सोनू यादव कैलाश खटीक संदीप उपाध्याय,लोकेन्द्र यादव,नरेंद्र यादव,धर्मेंद्र यादव,राम प्रकाश शर्मा, मदन मोहन पाठक,बिजय यादव, आदि उपस्थित थे।

### दानाओली दिगंबर जैन खंडेलवाल मंदिर में दस धर्मो की साज्जी रंगोली

**पर्यूषण पर्व पर दस धर्मो की होगी विशेष पूजन, रगोली मढने अर्घ्य समर्पित होंगे।**



ग्वालियर- दिगंबर जैन समाज के पर्यूषण महापर्व का आगाज उत्तम क्षमा दिवस के साथ 31 अगस्त से शुरू हो गए। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि दूसरे दिन गुरुवार को उत्तम मार्दव धर्म की पूजन दाना ओली स्थित श्री पार्श्र्वनाथ दिगंबर जैन खंडेलवाल नया मंदिर में दस धर्मो की रगोली सजाई गई है। इस रंगोली मढने पर मंदिर समिति के सुमेरचंद पाटनी, प्रियांक जैन सोनी, मंयक पांड्या, राजेश पाटौदी, अनिल पाटौदी, विनोद पाटौदी, आदि दस धर्म की पूजन कर महाआर्घ्य समर्पित किए जा रहे है।

### शासकीय धनराशि का दुरूपयोग करना भारी पड़ा

**सूखापठा की पूर्व सरपंच को 30 दिन के लिए कारावास में रखने के आदेश, जिला पंचायत सीईओ श्री तिवारी ने जारी किया वारंट**

ग्वालियर। शासकीय धन का दुरूपयोग करने वाले पूर्व सरपंचों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी श्री आशीष तिवारी ने पंचायत राज अधिनियम की धारा-92 के तहत ग्राम पंचायत सूखापठा की पूर्व सरपंच श्रीमती पूजा परिहार को 30 दिन के लिए कारावास की सजा सुनाई है। जनपद पंचायत डबरा की ग्राम पंचायत सूखापठा की पूर्व सरपंच श्रीमती पूजा परिहार द्वारा गाँव में मंजूर हुए आँगनबाड़ी भवन की 3 लाख 11 हजार रूपए की राशि का दुरूपयोग करने का आरोप जाँच में सही पाया गया है। आंगनबाड़ी भवन का निर्माण अत्यंत निम्न गुणवत्ता का हुआ है। जो पूर्णतः अनुपयोगी पाया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी द्वारा पूर्व सरपंच श्रीमती पूजा परिहार के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायतीराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के अंतर्गत वसूली का प्रकरण पंजीबद्ध कर उक्त राशि चुकाने हेतु युक्तियुक्त समय दिया गया। किंतु उन्होंने रकम नहीं चुकाई। प्रकरण में अधिनियम की धारा 89 अंतर्गत प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार दोषी साबित होने के कारण विचार उपरांत अंतिम आदेश पारित कर 15 दिवस में रकम शासकीय कोष में जमा करने के लिए आदेशित किया गया था।

# मिशन 2023 : पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता अभी से प्राण-पण से जुटें: नारायण सिंह

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने ग्वालियर आगमन पर महापुरूशों की प्रतिमाओं पर पहुंचकर किया नमन

ग्वालियर । पार्टी में नया दायित्व मिलने के बाद नई ऊर्जा से काम कर सकूं, इसलिए ग्वालियर आने के बाद सबसे पहले महापुरुषों की प्रतिमाओं पर नमन किया है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा भारतीय जनता पार्टी का एक सहसंगठन है। प्रदेष संगठन ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है उसका निर्वहन मैं पूरी ईमानदारी से करूंगा। उक्त उद्गार आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेष अध्यक्ष श्री नारायण सिंह कुशवाह ने ग्वालियर आगमन के बाद शहर में स्थित महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के लिए जो योजनाएं तैयार की है। उन योजनाओं का लाभ पिछड़ा वर्ग मोर्चा तथा अन्य समाजों तक पहुंचाने के लिए हमेशा कार्यरत रहेंगे। मप्र 2023 के विधानसभा चुनावों में पिछड़ा वर्ग मोर्चा अभी से तैयारियों में प्राण-पण से जुट जाएं जिससे मप्र में एक बार भाजपा की सरकार पुनः बन सकें।

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष दायित्व ग्रहण करने के बाद सुबह 9 बजे ग्वालियर पहुंचे थे। इस अवसर पर जगह-



जगह श्री कुषवाह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

श्री कुशवाह ने ज्योतिबा फुले, हेमू कॉलोनी, लक्ष्मीबाई की समाधि, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, लाल बहादुर शास्त्री, दुर्गालाल राठौर , रानी अवंतीबाई , शहीद भगत सिंह , चंद्रशेखर आजाद , झलकारी बाई , स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर , श्यामा प्रसाद मुखर्जी , महात्मा गांधी , डॉ. अंबेडकर , लाल-बाल-पाल, तथा विवेकानंद की प्रतिमाओं पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उसके बाद उन्होंने छतरी स्थित राजमाता और माधवराव सिंधिया की प्रतिमाओं पर नमन किया। समापन हेमसिंह की परेड स्थित चौरहे पर हुआ।

### ये रहे साथ

इस अवसर पर श्री कुशवाह के साथ जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, नगर निगम सभापति मनोज तोमर, जिला महामंत्रीगण राजू सेंगर, हरीश मेवाफरोश, सुशील वर्मा, नेता प्रतिपक्ष हरिपाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन कुमार सेन, मंडल अध्यक्षगण सतीश साहू, हरिओम झा, जयंत शर्मा, चेतन मंडलोई, मुलायम सिंह यादव, राकेश माहौर, भगवान सिंह कुशवाह,अविनाश यादव,मनोज भार्गव, लोकेंद्र सिंह चौहान, सतीश कुशवाह, भालचंद्र प्रजापति, नारायण दास प्रजापति, अभिषेक हर्षाना, मान सिंह राजपूत, हरिओम झा, महिपत गुर्जर, उम्मेद यादव, बचोला गुर्जर, धर्म वीर राठौर, सतीश कुशवाहा, नवीन जायसवाल, धीर सिंह यादव, राजू कुशवाहा, कमल रजक, रमेश साहू, रामकिशन प्रजापति, रेखा कुशवाहा, सुनीता किरार सहित पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने व्यवस्था बनाएं

### देवरी फीडर से जुड़े गांवों के किसानों ने बिजली समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

भितरवार। कृषि लाईन पर आबादी लाईन जोड़ने से लोड अधिक बढ़ जाता है। जिससे विधुत लाईन बार बार फॉल्ट हो जाती है। ऐसी स्थिति में कृषि लाइन न चलने से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली बिगड़ी इस व्यवस्था को तत्काल सुधारा जाए। यह बात जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र सिंह रावत ने एसडीएम अश्वनी कुमार रावत से कही। गुरूबार को देवरी फीडर से जुड़े कई गांवों के तीन दर्जन से अधिक किसान पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुँचे। जहां उन्होंने बिजली समस्या को लेकर एसडीएम अश्वनी कुमार रावत को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया कि देवरी फीडर से जुड़े ग्राम गधौटा, धोवट,लोढ़ी बामौर,कुपेड़ा,पलायछा आदि गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली नहीं मिल रही है। अधिक लोड बढ़ने से कृषि लाईन बंद रहती है। जिससे धान की फसल को सिंचित करने के लिए ट्यूबबेल नहीं चल पा रहे हैं। वहीं इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्री रावत ने मौखिक रूप से एसडीएम को बताया कि कृषि लाईन पर आबादी लाईन जोड़ने से किसानों के सामने यह समस्या पैदा हुई है। बिजली समस्या के निराकरण के लिए कृषि और आबादी लाईन को चलाने के लिए अलग अलग समय निर्धारित किया जाए। ज्ञापन देते समय किसान राजेन्द्र पाठक,संजय पाठक,कपिल सिंह,भीकम सिंह,इंदरसिंह,गोपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांग विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

ग्वालियर। दिव्यांगजन सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये संचालित प्री-मेट्रिक, पोस्ट मेट्रिक और टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। छात्र-छात्राएँ राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल 222.ह्यष्द्धश्यद्यड्डह्म्ह्यद्धद्बश्चह्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्री-मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर और पोस्ट मेट्रिक तथा टॉप क्लास छात्रवृत्ति के लिये 31 अक्टूबर 2022 है। सभी छात्रवृत्तियों के लिये सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र अनिवार्य है। कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्र-छात्राओं के लिये प्री-मेट्रिक छात्रवृत्ति में अभिभावक की वार्षिक आय ढ़ाई लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। गैर छात्रावासियों के लिये 500 रूपये प्रतिमाह और छात्रावासियों के लिये 800 रूपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति के साथ प्रतिवर्ष 1000 रूपये पुस्तक अनुदान और 2 से 4 हजार रूपये तक दिव्यांगता भत्ता दिया जाएगा।

# अहंकार मद और अभिमान पैदा करता हैः मुनिश्री



### अहम का त्याग करने वाला व्यक्ति ही हर जीव से अनुराग करता है

### दिगंबर जैन मंदिरों में दसलक्षण पर्व के दूसरे दिन हुई उत्तम मार्दव धर्म की पूजा-अर्चना

ग्वालियर । अहंकार मद और अभिमान पैदा करता है। अहम से हम फूल तो सकते हैं, पर विस्तार को प्राप्त नहीं कर सकते। अहम का त्याग करने वाला व्यक्ति ही हर जीव से अनुराग करता है, किसी से राग नहीं करता। उक्त उद्गार पर्युषण पर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म पर श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने गुरुवार को साधनामय बर्षयोग समिति, सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार एवं मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कॉलेज के तत्वावधान में माधवगंज स्थित चतुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुनिश्री ने कहा कि मान और अभिमान को छोड़कर मार्दव धर्म अपनाएं। समय बड़ा बलवान है, अहंकार ना पालिए क्योंकि वक्त के समंदर में कई सिकंदर डूब गए। मुनिश्री ने एक सूक्ति के माध्यम से समझाते हुए कहा अहंकार में तीन गए- धर्म, दौलत और वंश। विश्वास ना हो तो देखलो- रावण, कौरव, कंस। मुनिश्री ने कहा मार्दव धर्म का अर्थ है भावों में मृदुता आना। मान, कसाय से उठा हुआ व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। प्रशंसा की चाह करना ही मान कसाय है। विश्व में बड़े-बड़े संघर्ष और महाभारत मान के कारण ही हुए हैं। अहंकार, मान और मद को छोड़कर अपने आप में लीन हो जाना ही मार्दव धर्म है। भजन प्रतियोगिता मे बच्चो ने बढ़चढ़कर भजन सुनाए। विजेता बच्चो को समिति के पादधिकारियो ने पुरुस्कार वितरण किए गए। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज एवं पंडित ज्योतिषाचार्य हुकुमचंद जैन के मार्ग दर्शन में इंद्रो ने शुद्ध जल के कलशों से भगवान जिनेंद्र का जयकारों के साथ महा अभिषेक

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478